## एक नजर

### चेयरमैन ने खराब आरओ और नलों का निरीक्षण किया, जल्द होगी मरम्मत

ककराला। कस्बे में कई साल से खराब आरओ और इंडिया मार्का हैंडपंप गर्मी में लोगों के लिए मुसीबत बन गए हैं। शिकायत मिलने पर नगर पंचायत अध्यक्ष इंतखाब अहमद सकलैनी निरीक्षण किया और संबंधित को जल्द व्यवस्था सही कराने के निर्देश दिए। कस्बे में बिना टोंटी की टंकियों से बहते पानी को देख नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि कहीं भी इस तरह पानी न बहे। उन्होंने कहा पानी अनमोल है, इसे व्यर्थ बर्बाद न करें। बिजली समस्या को लेकर भी उन्होंने कहा कि यह जल्द ठीक करा दी जाएगी।

### अफसर अली खान सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव मनोनीत



बदायूं। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति से समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व राज्य मंत्री मोहम्मद शकील नदवी ने शहर के कबूलपुरा काली कोठी निवासी अफसर अली खान को समाजवादी अल्पसंख्यक सभा की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव मनोनीत किया गया है। अफसर अली खान को राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव मनोनीत करने के लिए प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल व बदायूं लोकसभा प्रत्याशी आदित्य यादव व पूर्व मंत्री आबिद रजा ने संस्तुति की थी।

### आरोग्य मेले में लिए ब्लड सैंपल, नहीं मिले मलेरिया संक्रमित रोगी

दबतरा। क्षेत्र के ग्राम दवतोरी में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर रविवार को सुबह 8 से 2 बजे तक आरोग्य मेला कैंप का आयोजन किया गया। आरोग्य मेले में डॉ. जहीर, डॉ. समद अली, राहुल कुमार, लैब टेक्नीशियन कैलाश कुमार द्वारा 51 मरीजों को देखा गया। जिसमें कई मरीजों की ब्लड सैंपल लेकर मलेरिया एवं अन्य जांच की गयीं। जांच में मलेरिया संक्रमित एक भी मरीज नहीं मिला। भीषण गर्मी को देखते हुए डॉ. जहीर द्वारा ओआरएस के पाउडर एवं अन्य दवाइयां का वितरण किया गया। आरोग्य मेला के आयोजन में सुनील कुमार सिंह एडवोकेट, का विशेष सहयोग रहा।

# अतिक्रमण की जाल में फंसा देववाणी चौराहा



देववाणी चौराहा के पास सड़क के किनारे लगीं दुकानें। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार :** कस्बा बिल्सी के देववाणी चौराहे पर कुछ दुकानदारों ने सड़क पर अतिक्रमण कर लिया है। सड़क पर अतिक्रमण की वजह से हमेशा जाम की स्थिति रहती है। कस्बा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और मंडी समिति को जोड़ने वाला यह चौराहा बेहद अहम है। चौराहा कस्बे से उझानी प्रवेश द्वार को जोड़ता है। बाहर से आए लोगों ने देववाणी चौराहा से काफी दूरी तक सड़क के दोनों ओर अतिक्रमण कर लिया है, जिससे जाम की स्थिति बन जाती है। ऐसे में राहगीरों को समस्या होती है। इस संबंध में अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी देवपाल सिंह ने बताया कि मतगणना के बाद चिन्हित स्थानों से अतिक्रमण हटवाया जाएगा।

## उदमई निवासी मुकेश कुमार खेतों में लगा रहे देशी खाद, नष्ट हो गए कीट और सूड़ियां

# रासायनिक से की तौबा, जैविक खाद से सुधारी आर्थिक स्थिति

केपी शर्मा, बदायूं

- पिछले वर्ष जैविक खाद का प्रयोग से एक बीघा में हुई मूंगफली की रिकार्ड पैदावार

**अमृत विचार :** जैविक खेती करने से एक तो हमारे खेत की मिट्टी सेहतमंद होती है और इससे रासायनिक खेती के मुकाबले अधिक फायदा भी होता है। बढ़ते प्रदूषण और भागदौड़ की जिंदगी में हर कोई बिना खाद व बिना रासायनिक उपयोग वाली सब्जियों व अनाज को खाना चाहता है। बदायूं जिले के उदमई गांव के किसान मुकेश कुमार ने जैविक खाद का प्रयोग करते हुए दो बीघा में 17 कुंटल मूंगफली की पैदावार की। सिंचाई भी कम करनी पड़ी। अब गांव के अन्य किसान भी मुकेश से राय लेते हैं और जैविक खाद का प्रयोग कर फसलों की पैदावार बढ़ाने की सोच रहे हैं।



मूंगफली उगाने वाले किसान मुकेश कुमार।



खेत में तैयार हो रही मूंगफली।

ब्लॉक जगत के गांव उदमई निवासी मुकेश कुमार ने बताया कि कई सालों से वह अपने खेतों में गेहूं मक्का और मूंगफली की फसलों में यूरिया, डीएपी खाद लगा रहे थे। इन खादों के लगाने से खेतों में हर समय खुश्की रहती थी। पानी भी जल्दी लगाना पड़ता था। साथ ही रासायनिक खादों से खेत की मिट्टी में कीट तैयार हो रहे थे, जो फसलों को नुकसान पहुंचाते थे। कीटनाशक दवाओं का छिड़काव करना पड़ता था। इस तरह की समस्याओं के चलते उन्होंने रासायनिक खाद डालनी बंद कर दी। पिछले साल उन्होंने अपने खेत में सिर्फ जैविक खाद डाली। घर पर पशुओं के गोबर से तैयार होने वाली जैविक खाद के साथ ही मेंथा का तेल निकालने के बाद उसका जो कचरा शेष रह जाता है उसको भी खेतों में डाल दिया। जैविक खाद डालने के बाद उन्होंने दो बीघा खेत में मूंगफली लगाई। मूंगफली में पानी भी कम लगाना पड़ा, इसके साथ ही कीट सूड़ी भी नहीं लगी। जिससे मूंगफली जब तैयार हुई तो पैदावार देख कर वह दंग रह गए। मुकेश कुमार ने बताया कि दो बीघा खेत में 17 क्विंटल हरी मूंगफली निकली। जब उसे सुखाया गया तो भी 12 क्विंटल से अधिक निकली। मात्र दो बीघा खेत में इतनी बेहतर पैदावार देख कर गांव के लोग भी हैरत में पड़ गए। जिसके बाद इस साल उन्होने दस बीघा खेत में वही जैविक खाद डाली है। मैंथा का कचरा भी डाला है। जिससे खेत में पिछली साल से कहीं बेहतर मूंगफली तैयार हो रही है। इन किसानों ने इस साल यूरिया या डीएपी का प्रयोग नहीं किया है। लोगों ने खरीदकर जैविक खाद डाली है। किसानों का कहना है कि जैविक खाद से एक तो मिट्टी में ताकत आती है जिससे उपज अधिक होती है। वहीं मिट्टी की खुश्की कम होने से पानी भी कम लगाना पड़ता है और सूड़ी, कीट खत्म हो जाते हैं।

> जैविक खाद लगाने से खेतों में मिट्टी बेहतर बनती है जो फसल को पूरी तरह सुरक्षित रखती है। खेतों में नमी बनी रहती है। उत्पादन क्षमता बढ़ती है। जिससे अब किसान जैविक खाद का प्रयोग अधिक संख्या में कर रहे हैं। दो दशक पहले किसान खेतों में जैविक खाद डालने के बाद ही गेहूं, आलू, बाजरा और मक्का की फसल करते थे। उसी तरह अब फिर किसानों का रूझानी जैविक खाद की ओर बढ़ रहा है।
> – **मनोज कुमार**, जिला कृषि अधिकारी

# जिले के आठ गांव बने मॉडल, आरआरसी सेंटरों पर किया जा रहा कूड़े का निस्तारण

## गांवों में नहीं दिखाई दे रही गंदगी, गीले कूड़े से बनाई जा रही जैविक खाद

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- घर-घर बने हैं शौचालय, खेतों से बनाई महिलाओं ने दूरी

**अमृत विचार:** जिले के आठ गांव स्वच्छता के लिए मॉडल बन गए हैं। इनमें बने आरआरसी सेंटरों पर कूड़े का भी निस्तारण किया जा रहा है। सूखा और गीला कूड़ा अलग किया जा रहा है। गीले कूड़े से खाद बनाया जा रहा है। इन गांवों की महिलाएं अब खेतों पर शौच के लिए नहीं जाती बल्कि घरों में शौचालयों का उपयोग करती हैं। गांव में भी कहीं कूड़ा नहीं दिख रहा है। गांव के लोग भी इनमें सहयोगी बनकर स्वच्छता की अलख जागा रहे हैं।

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज-टू के अंतर्गत गावों को ओडीएफ प्लस के रूप में मॉडल बनाए जाने के लिए 2022-23 में जनपद की 49 ग्राम पंचायतों का चयन किया गया था। ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के लिए इन ग्राम पंचायतों के लिए करीब बीस करोड़ रुपये क्रेडिट लिमिट की धनराशि जारी की गई। इस राशि से आरआरसी सेंटर, सामुदायिक नेडेफ कम्पोस्ट पिट, वर्मी कंपोस्ट, सामुदायिक कचरा पात्र तैयार किया गया है। तरल अपशिष्ट प्रबंधन को सामुदायिक सोक पिट, लीच पिट, सिल्ट केचर, फिल्टर चैंबर एवं यू टाइप नाली आदि का निर्माण कार्य हुआ है। इन चयनित गांवों में से आठ मॉडल ओडीएफ प्लस पंचायतों का चयन किया गया था। इन ग्राम पंचायतों को पूरे जिले में मॉडल के रूप में तैयार किया गया है। इनमें आरआरसी सेंटर निर्माण पूर्ण कराते हुए सेंटर पर कूड़े को पृथक करने का कार्य किया जा रहा है। सूखे कूड़े को कबाड़ी के माध्यम से रिसाइकिल किया जा रहा है। घरों से निकलने वाले गीले कूड़े को खाद के रूप में परिवर्तित किया जा रहा है। वर्मी कंपोस्ट के माध्यम से गोबर अपशिष्ट को खाद में परिवर्तित किया जा रहा है। सामुदायिक कचरा पात्र के माध्यम से गांव के सूखे एवं गीले कूड़े को अलग-अलग एकत्र किया जा रहा है। लीच पिट के माध्यम से ब्लैक वाटर का प्रबंधन किया जा रहा है। गांवों में डोर टू डोर कूडा कलेक्शन हो रहा है। गांवों में कहीं भी कूड़ा न दिखाई दे इसमें समुदाय का सहयोग लिया जा रहा है।

> जिले में आठ गांवों को मॉडल के रूप में तैयार किया गया है। इन गांवों में कूड़ा एकत्र करने के साथ कूड़े का निस्तारण भी हो रहा है। गीले कूड़े से खाद बनाया जा रहा है और सूखे कूड़े को रिसाइकिल किया जा रहा है।
> – **श्रेया मिश्रा**, जिला पंचायत राज अधिकारी

### यह है आठ मॉडल गांव

जिले के आठ गांव मॉडल बनाए गए हैं। इनमें ब्लॉक सालारपुर के मलिकपूर, उझानी के संजरपुर गुलाल, बुर्रा फरीदपुर, संजरपुर बालजीत, जगत के बीबीपुर, आमगांव , वजीरगंज टिकुरी और बिसौली की ग्राम पंचायत खजुरिया शामिल है।

### ग्रामीणों का मिल रहा सहयोग

डीपीआरओ ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के लिए चयनित किए गए इन आठ गांवों में ग्रामीणों का काफी सहयोग रहा है। ग्रामीणों के सहयोग के बिना गांव में स्वच्छता की अलख जगाना मुश्किल था। यहां पर बने आरआरसी सेंटरों पर कूड़ा निस्तारण के साथ ही जैविक खाद आदि भी बनाई जा रही है।

## पत्तियां पीली पड़ने पर हो सकता है रेड रोग, करें छिड़काव

**बदायूं, अमृत विचार :** बिसौली चीनी मिल के ग्राम बरातेगदार में चीनी मिल और गन्ना विभाग ने संयुक्त रूप से गन्ना की फसल का सर्वे किया। जिसमें किसानों ने गन्ने में कीट लगने की संभावना जताई है। चीनी मिल बिसौली ने पेड़ी के खेत में कीटनाशक का छिड़काव करने का सुझाव दिया है।

बिसौली चीनी मिल के ग्राम बरातेगदार में रविवार को गन्ना विभाग और बिसौली चीनी मिल के गन्ना विशेषज्ञों ने संयुक्त रूप से सर्वे किया। विशेषज्ञों ने गन्ना की पत्तियों का बारीकि से निरीक्षण किया। किसानों ने शिकायत कि गन्ने की पत्तियों का रंग पीला पड़ रहा है। इस पर विशेषज्ञों ने रेड रोग की आशंका जताई। जिस पर कीटनाशक दवाइयों के छिड़काव की सलाह दी। चीनी मिल प्रबंधक अनिल सिंह ने कहा कि गर्मी में ही गन्ने में बीमारी लगने की संभावना रहती है। यदि गन्ने का पौधा रंग बदल रहा है तो उस पर दवा का छिड़काव अवश्य करें, गन्ने की जड़ पर देसी खाद डाल दें, जिससे मिट्टी में किसी तरह का कीट न पैदा हो।

# परिषदीय विद्यालयों को दिया जाएगा सीयूजी नंबर

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- टेबलेट संचालन को लेकर शिक्षक सीयूजी नंबर की कर रहे थे मांग
- सिम खरीदने की तैयारी कर रहा शिक्षा विभाग, जल्द दिए जाएंगे

**अमृत विचार:** ऑनलाइन उपस्थिति की अनिवार्यता को लेकर बेसिक शिक्षा विभाग सभी स्कूलों में सीयूजी नंबर वाले सिम जल्द ही देगा।

बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में डिजिटल तकनीक को बढ़ावा देने के लिए शासन ने ऑनलाइन उपस्थिति को अनिवार्य कर दिया है। इसके लिए विभाग द्वारा पिछले साल 3371 टेबलेट शिक्षकों में वितरित किए थे। इन टेबलेट के संचालन के लिए सिम कार्ड की खरीदारी और उसके संचालन के लिए डाटा की धनराशि दिये जाने की मांग कर शिक्षकों द्वारा विरोध किया जाने लगा। शिक्षकों की मांग को देखते हुए पिछले दिनों शासन ने सिम कार्ड के लिए कंपोजिट ग्रांट से धनराशि की व्यवस्था करने के निर्देश दिए थे। लेकिन शिक्षक अपनी आईडी पर सिम लेना नहीं चाह रहे थे। यह समस्या अधिकारियों के सामने रखी गई थी। तब समाधान के लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने पहल की है। टेबलेट का संचालन करने के लिए उन्हें सीयूजी सिम जारी किए जाएंगे। बीएसए स्वाती भारती ने बताया कि टेबलेट के संचालन के लिए जल्द ही सीयूजी सिम जारी किए जाएंगे।









# बिजली की अघोषित कटौती से सैकड़ों गांव हो रहे प्रभावित

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** बिजली की बढ़ती खपत और गर्मी में जर्जर तार और ट्रांसफार्मर लगातार फुक रहे हैं। जिससे शहरी क्षेत्रों से लेकर ग्रामीण इलाकों तक हाहाकार मचा है। अघोषित कटौती से परेशान उपभोक्ता गर्मी में पसीना बहा रहे हैं। घंटों की कटौती से त्राहि त्राहि मची है। सैकड़ों गांव बिजली संकट से जूझ रहे हैं।

शहर में हर दिन बिजली गुल रहती है। रविवार को जवाहरपुरी में सुबह नौ बजे से 11 बजे तक सप्लाई ठप रही। दातागंज चौराहे पर भी सुबह सात से दस बजे तक बिजली गुल रही, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मधुवन कॉलोनी से लेकर रेलवे स्टेशन तक पूरी लाइन बंद रही। सुबह दस बजे सप्लाई शुरू हुई तो लोगों ने राहत की सांस ली। नई सराय के लोगों ने बताया कि दिन में ट्रिपिंग के चलते कोई काम नहीं हो पा रहा है। पनबड़िया विद्युत घर से जिन क्षेत्रों में बिजली सप्लाई होती है उन क्षेत्रों में चौबे मोहल्ला सबसे संवेदनशील है।

इस मोहल्ले में बिजली की किल्लत के चलते लोगों ने जिलाधिकारी से भी शिकायत की है। फिर भी स्थिति में सुधार नहीं हो सका। उधर लालपुल इलाके में अघोषित कटौती से घनी आबादी में लोगों को परेशानी हो रही है। मोहल्ला बजरंग नगर में पिछले दो दिन से लोग सड़कों पर हंगामा कर रहे हैं। यहां पर सुबह से ही ट्रिपिंग शुरू हो जाती है, जिससे लोग परेशान हो रहे हैं। आवास विकास और मझिया रोड स्थित बाबा कॉलोनी की बिजली आपूर्ति सुचारू न होने से लोग हाइडिल स्थित कार्यालय पर शिकायत करने पहुंचे । समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। आज पुलिस लाइन स्थित खम्भे से पूर्वान्ह 11 बजे तार टूट गया जिससे इस क्षेत्र की बिजली सप्लाई ठप हो गयी। शिकायत करने पर बिजली कर्मचारी 12 बजे तार ठीक करने पहुंचे। उसके बाद एक बजे सप्लाई शुरू हो सकी। जिले के करीब ढाई सौ गांवों में दस दिन से बिजली संकट बना हुआ है। उसावा क्षेत्र में हर दिन सुबह आठ से 11 बजे तक बिजली सप्लाई ठप रहती है। उसके बाद जब सप्लाई शुरू होती है तो लगातार ट्रिपिंग होने से कोई काम नहीं हो पाता है। उपभोक्ताओं को दिन व रात को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसी तरह दातागंज क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती हो रही है। सुबह आने के बाद दिन भी ट्रिपिंग से लोग परेशान रहते हैं। हर आधे घंटे में बिजली गुल हो जाती है। पापड़ निवासी प्रेमपाल ने बताया कि जैसे ही सुबह आठ बजे सप्लाई आती है तो कुछ देर चलने के बाद गुल हो जाती है उसके बाद दो घंटे की कटौती के बाद सप्लाई शुरू की जाती है। ट्रिपिंग के चलते न तो पंखे चल पा रहे हैं और न ही कूलर काम कर रहे हैं। कछला और बिल्सी क्षेत्र से अघोषित कटौती की खबरे कई दिन से आ रहीं हैं। मुजरिया चौराहे के निकट लगा ट्रांसफार्मर तीन दिन में दो बार जल चुका है। इसलिए इस क्षेत्र में लोग विद्युत समस्या से जूझ रहे हैं।



खंभे से टूटे तार ठीक करने को सीढ़ी लगाता कर्मचारी। ● अमृत विचार

- विभाग की मनमानी जारी, हर गांव में त्राहि त्राहि कर रहे लोग
- शहर में भी घंटों की कटौती से उपभोक्ताओं का छूट रहा पसीना

## हादसे का सबब बन रहे बिजली के जर्जर तार व खंभे

**ककराला, अमृत विचार :** बिजली के जर्जर तारों के कारण कस्बे में बिजली संकट गहरा गया है। तार आए दिन गिर रहे हैं, जिससे बिजली सप्लाई बाधित हो रही है। गर्मी के मौसम में इससे जहां लोगों को परेशानी हो रही है, वहीं फसलों की सिंचाई भी नहीं हो पा रही है। कस्बे के लोगों ने इस समस्या से निजात दिलाने की मांग करते हुए अधिशासी अभियंता द्वितीय आरएन वर्मा को ज्ञापन दिया।

लोगों ने अधिशासी अभियंता को बताया कि अधिकांश खंभे भी गल चुके हैं। इन्हें बदलवाया जाए, नहीं तो कोई बड़ी घटना घटित हो सकती है। वे लोग कई बार अधिकारियों से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं हुई। ज्ञापन देने वालों में वाहिद खां राजपूत, अकमल खान, मुस्लिम खां, मोहम्मद तायफ खां आदि लोग मौजूद रहे।

# मुआवजा न मिलने पर ग्रामीणों में रोष किया प्रदर्शन, ठेकेदार ने बुलाई पुलिस

संवाददाता, विजय नगला

- विकास क्षेत्र सालारपुर के गांव टिटौली में 6.94 करोड़ की लागत से अरिल नदी पर बनाया जा रहा है पुल
- किसानों की ठेकेदार से हुआ विवाद, मौके पर पहुंची पुलिस ने किसानों को समझाकर किया मामला शांत

**अमृत विचार :** विकास क्षेत्र सालारपुर के गांव टिटौली की अरिल नदी पर बदायूं-बदायूं सीमा को जोड़ने वाले पुल का निर्माण कराया जा रहा है। जिसमें किसानों की जमीन भी गई है लेकिन उन्हें अभी तक मुआवजा नहीं मिला है। लगातार मांग करने के बाद भी मुआवजा न मिलने पर किसान निर्माणाधीन पुल पर पहुंचे। प्रदर्शन और नारेबाजी की। ठेकेदार से बहस हुई। ठेकेदार ने पुलिस बुला ली। पुलिस ने किसानों को समझाकर शांत कराया।

विकास क्षेत्र सालारपुर क्षेत्र के गांव टिटौली से गुजर रही अरिल नदी पर पुल का निर्माण कराया जा रहा है। जिसकी लंबाई तकरीबन एक किलोमीटर और अनुमानित लागत छह करोड़ 94 लाख रुपये है। यह पुल बदायूं को बरेली की सीमा से जोड़ता है। नदी के दोनों किनारों पर लगभग 20 किसानों की जमीन पर पुल बनाया जा रहा है। किसानों का आरोप है कि शासन ने उनसे उनकी जमीन तो ले ली लेकिन अभी तक प्रशासन ने मुआवजा नहीं दिया है। सदर तहसीलदार से लेकर एसडीएम सदर से भी मुआवजा की मांग कर ली। हर बार आश्वासन ही दिया गया लेकिन मुआवजा नहीं। किसानों ने बताया कि उनका मुआवजा दिए बिना लगभग एक साल से पुल का निर्माण कराया जा रहा है। कुछ ही दिनों में पुल का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा फिर किसानों का मुआवजा कौन दिलाएगा। लगातार मांग करने के बाद भी मुआवजा नहीं मिला तो रविवार को किसान निर्माणाधीन पुल पर पहुंचे। ठेकेदार से काम रोकने को कहा। विवाद बढ़ गया तो ठेकेदार ने पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने किसानों को शांत कराया। बनवारी, मैकूलाल, चंद्रपाल, पान सिंह, नेमचंद्र, मोरपाल, रक्षपाल, धर्मेंद्र, जितेंद्र, मुनेंद्र, राकेश, हरपाल, ओमकार, जोगिंदर, लवकुश, ईमानदार सिंह, प्रमोद प्रताप सिंह, राम किशोर, नाथूलाल, रामलाल मौजूद रहे।



अरिल नदी के निर्माणाधीन पुल के पास प्रदर्शन करते ग्रामीण।

> किसानों के विरोध करने की जानकारी मिली थी। उन्हें समझाया गया है। लोकसभा चुनाव की मतगणना के बाद मुआवजा संबंधी कार्य किया जाएगा।
> – **एसपी वर्मा**, एसडीएम सदर













# लापता युवक का मिला कंकाल, हत्या का आरोप

## मौसमपुर के ग्राम प्रधान शफीक का भाई 19 अप्रैल को धान के रुपये लेने के लिए उझानी गया था

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** मूसाझाग क्षेत्र के एक गांव का गल्ला व्यापारी का 15 दिन बाद उझानी रोड के पास स्थित एक खेत में शव मिला। रिश्तेदार की सूचना पर पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे। पुलिस ने कंकाल को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया है। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है।


फारुक का फाइल फोटो।

मूसाझाग थाना क्षेत्र के गांव मौसमपुर निवासी ग्राम प्रधान शफीक के भाई फारुक (36) अनाज का व्यापार करते थे। 19 अप्रैल को वह परिजनों से उझानी गल्ला मंडी जाने की बात कहकर निकले थे। उनके वहां के एक व्यापारी पर धान के रुपये थे। 19 अप्रैल को जब फारुक शाम तक वापस नहीं आए तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। तब थाना मूसाझाग में गुमशुदगी के लिए तहरीर दी थी। दो जून को शफीक के फुफेरे बहनोई शेर मोहम्मद निवासी अल्लेहपुर भोगी को सूचना मिली कि खाटू श्याम मंदिर के पास किसी व्यक्ति का कंकाल पड़ा है। इसकी सूचना शेर मोहम्मद ने शफीक को फोन पर दी। तब शफीक और उनके परिजन व पुलिस मौके पर पहुंची और कपड़ों के आधार पर कंकाल की शिनाख्त फारूख के रूप में की। शफीक ने हत्या करके शव फेके जाने का आरोप लगाया है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि किसी का कंकाल मिला था। जिसे पोस्टमार्टम हाउस पर रखवाया गया है। परिजनों की ओर से तहरीर नहीं आई है।

**कंकाल से कुछ दूरी पर पड़ी थी पैंट और चप्पल:** कंकाल से कुछ दूरी पर मृतक की पैंट पड़ी थी। जिसमें बेल्ट लगी हुई थी। वहीं कुछ दूरी पर चप्पले पड़ी थी। पैंट पर टेलर के नाम का टैग लगा था, जिसके आधार पर शिनाख्त की गई। घटना की जानकारी मिलने पर मूसाझाग पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।


उझानी क्षेत्र में कंकाल के से कुछ दूरी पर पड़ी मृतक की पैंट।

- उझानी क्षेत्र में खाटू श्याम मंदिर के पास खेत में मिला शव, पेंट व चप्पल से हुई शिनाख्त


कंकाल मिलने के बाद मौके पर जांच करते मूसाझाग थाने के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार। ● अमृत विचार

### कराया जा सकता है डीएनए टेस्ट

पुलिस शव का डीएनए टेस्ट कराएगी, जिससे शव की शिनाख्त पूरी तरह से हो जाए। वहीं पुलिस हत्यारोंपियों की भी सुराग में अभी से जुट गई है। परिजनों का आरोप है कि किसी ने रुपये अधिक देखते हुए फारुख को मौत के घाट उतार दिया और शव खेत में फेंक दिया।

### कोई करीबी हो सकता है कातिल

फारूख की हत्या हुई या मामला कुछ और है। इसकी जांच पुलिस पोस्टमार्टम के बाद शुरू कर देगी। यदि हत्या करके शव फेंका गया है तो कातिल फारूख का जान पहचान का हो सकता था। जिसे पता होगा कि फारूख के पास रुपये हैं। अनुमान लगाया जा रहा है कि रुपये लूट लिए होंगे। पहचान न हो इसलिए फारूख की हत्या करके शव को फेंक दिया।

# राजमिस्त्री की बाइक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौत

संवाददाता, वजीरगंज

- थाना वजीरगंज क्षेत्र के गांव कुर्बी के चौराहे पर हुआ हादसा

**अमृत विचार :** एक गांव में चुनाई कर दोपहर को खाना खाने घर जा रहे राजमिस्त्री की बाइक को कुर्बी चौराहे पर किसी वाहन ने टक्कर मार दी। राजमिस्त्री गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। तब तक राजमिस्त्री की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

थाना वजीरगंज क्षेत्र के गांव पुसगंवा निवासी रफीक (48) पुत्र वाहिद राजमिस्त्री थे। वह क्षेत्र में मकान बनाने का काम करते थे। रविवार को वह पड़ोस के गांव तालिबनगर में मकान की चुनाई कर रहा था। दोपहर की भूख लगी तो खाना खाने के लिए बाइक से वापस अपने गांव आ रहे थे।

गांव कुर्बी के चौराहे के पास किसी वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। वह गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस उन्हें सीएचसी पर ले गई। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस बाइक को टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश कर रही है। रफीक की मौत की सूचना सुनकर परिजनों का रो रोकर बुराहाल है। ग्रामीणों ने बताया कि वह मेहनत मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण करते थे। उनकी मौत से परिवार पूरी तरह टूट गया है। वजीरगंज पुलिस ने बताया कि अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली युवक को रौंदा, मौत

**मुजरिया।** थाना मुजरिया क्षेत्र के गांव मुड़सान नगला निवासी दुर्वेश (19) पुत्र रामपाल रविवार को कौल्हाई की बाजार से खरीदारी करके अपने गांव वापस जा रहे थे। रास्ते में गांव दरियापुर के चौराहे पर ट्रैक्टर-ट्रॉली ने युवक को टक्कर मार दी। युवक की मौके पर मौत हो गई। सूचना मिलने पर परिजन और पुलिस पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों का रो रोकर बुराहाल है।

## किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**बिल्सी, अमृत विचार :** कोतवाली बिल्सी क्षेत्र में बिसौली-बिल्सी मार्ग स्थित एक गांव निवासी 15 साल की किशोरी को गांव का युवक बहला-फुसलाकर ले गया था। उसके साथ दुष्कर्म किया था। किशोरी के परिजनों की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ अपहरण और दुष्कर्म के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। रविवार को पुलिस ने आरोपी असलम को गांव परौली जाने वाले मार्ग से गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

# शौंच गई बालिका से तमंचे के बल पर किया सामूहिक दुष्कर्म

संवाददाता, उघैती

- आरोपियों ने 29 मई को किया था बालिका का अपहरण, परिजनों ने दुष्कर्म करते पकड़ा
- पीड़िता की तहरीर पर तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट आरोपियों की तलाश में पुलिस

**अमृत विचार :** तमंचे के बल पर एक युवक ने शौच को गई बालिका का अपहरण करके दुष्कर्म किया। दो अन्य युवकों ने आरोपी का साथ दिया। बेटी के घर पर न मिलने पर परिजनों ने तलाश की। पड़ोस में रहने वाले युवक के घर में एक आरोपी बालिका के साथ दुष्कर्म करता मिला। परिजनों को देखकर आरोपी भाग गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने तीन युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

उघैती थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि छह महीने पहले उनकी पत्नी की मौत हो गई थी। उनकी दो बेटियां रिश्तेदार के यहां रहती हैं। घर पर उनकी 12 साल की बेटी, 10 साल का बेटा व 80 साल के पिता रहते हैं। घर के पास दिलशाद, शबाब, नदीम रहते हैं, जो उनकी बेटी पर आते-जाते गलत नजर रखते हैं। 29 मई को मक्का की रखवाली करने के बाद रात 12 बजे जब वह घर पहुंचे तो उनकी 12 वर्षीया बेटी नहीं मिली। पड़ोसी और मौसेरे भाई की मदद से बेटी को तलाश किया। तब देखा कि रास्ते में दिलशाद के घर के सामने शबाब खड़ा था। उन लोगों को देखते ही वह गली में भाग गया। जब उन्होंने दिलशाद के घर में झांककर देखा तो दिलशाद का बेटा इशाक उनकी बेटी के साथ गलत कार्य कर रहा था। वह लोग कमरे में घुसे तो आरोपी इशाक दूसरे गेट से भाग गया। इसके बाद वह बेटी को घर पर ले आए। जहां पर बेटी ने बताया कि इशाक, नदीम और शबाब उसे चार महीने से परेशान कर रहे हैं। धमकाते हैं इशाक अन्य दोनों आरोपियों की सहायता से तमंचे के बल पर उसके अपने घर ले गया। जहां गलत काम किया। इशाक कई अन्य जगहों पर उसके साथ गलत काम कर चुका है। पुलिस ने आरोपी इशाक, शबाब और नदीम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष राकेश कौशिक ने बताया कि तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपी फरार हैं। जल्द ही गिरफ्तार करके जेल भेजा जाएगा।

## अपहरण, लूट व हत्या का फरार आरोपी गिरफ्तार

**बिसौली, अमृत विचार :** बिसौली कोतवाली क्षेत्र के गांव पिंदारा निवासी हरिओम उर्फ रोहताश का अपहरण करके, ई-रिक्शा लूटकर 24 मई को हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज करके हरिओम की तलाश शुरू की। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में उसके ई-रिक्शा का पीछा करते हुए एक दूसरा ई-रिक्शा नजर आया। पुलिस आरोपियों तक पहुंची। उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ की तो पुलिस ने 28 मई को खुर्द नदी किनारे से बंधा व सड़ा हुआ शव बरामद कर लिया। पुलिस ने गांव परसिया निवासी अंकित उर्फ पोपे, कस्बा बिसौली निवासी किशोर और उनसे लूट का सामान खरीदने वाला सामान बेचने के आरोपी सैदपुर के कबाड़ी शाने आलम को गिरफ्तार किया। एक और आरोपी किशोर फरार चल रहा था। पुलिस ने रविवार को उसे बुध बाजार के पास से गिरफ्तार किया। उसके पास से मृतक की कीपेड मोबाइल बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया।

# एक साथ उठीं पांच अर्थियां तो सिसक पड़ा पैगा भीकमपुर

संवाददाता, बिसौली

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव पैगा भीकमपुर में एक साथ पांच शव पहुंचते ही कोहराम मच गया। कोई पिता के शव को पकड़कर रो रहा था, तो कोई पति के शव के पास बैठकर विलाप कर रहा था, कहीं पिता बेटे के गम में बेसुध था। ढांढस बंधाने पहुंचे लोगों की हिम्मत भी जवाब दे गई और लोग खुद के आंसू भी नहीं रोक सके। ऐसा लग रहा था कि पूरे गांव की हर गली में मातम पसरा है। हालात ऐसे थे कि पत्थर दिल इंसान भी सिसकने के लिए मजबूर हो गया। पूरे गांव में किसी के घर पर चूल्हा नहीं जला। जब पांचों लोगों की अर्थियां उठी तो गांव में चीत्कार मच गया। शमशान स्थल पर एक साथ पांचों चिताएं को जब मृतकों के परिजनों ने मुखाग्नि दी तो वहां मौजूद पूरा माहौल मातम ओर सिसकियों में बदल गया।


नेत्रपाल का फाइल फोटो।

शनिवार को पैगा भीकमपुर गांव में पीपल की छांव में बैठे छह लोगों को तेज गति से आई पिकअप ने टक्कर मार दी थी। मौके पर ही रामप्रकाश, ज्ञानचंद्र, धनपाल, और ब्रह्मपाल ने दम तोड़ दिया था। जबकि इलाज के दौरान रविवार को घायल नेत्रपाल की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं रामवीर की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। रविवार को करीब तीन बजे पांचों शव जब एक साथ गांव पहुंचे तो वहां चीत्कार मच गया। पूरा गांव में मातम पसरा गया। कोई पिता के शव को पकड़कर रो रहा था, तो कोई पति के शव के पास बैठकर विलाप कर रही थी। वहीं कोई बेटे के खोने के गम में बेसुध था। ऐसा मंजर देखकर वहां पहुंचे लोग भी अपने आंसू नहीं रोक सके। परिजनों को रोता देख कुछ लोगों ने ढांढस बंधाने का साहस किया, लेकिन ढांढस बंधाते बंधाते उनके भी आंसों निकलने लगते। दोपहर बाद करीब पांच बजे जब पांचों के शव घरों से उठे तो चीख पुकार मच गई। ऐसा लग रहा था मानो पैगा भीकमपुर गांव का जर्रा-जर्रा रो रहा है। हर गली से सिसकियों की आवाज आ रही थी। हर घर में के लोग गम में डूबे हुए थे। गांव में दो दिन से चूल्हे तक नहीं जले। शमशान घाट में जब रामप्रकाश, धनपाल, ब्रह्मपाल, ज्ञानेंद्र और रामवीर के शवों को उनके बेटों और परिजनों ने मुखाग्नि दी तो शमशान घाट पर मौजूद लोगों की आंखों से भी आंसू बहने लगे। हर किसी के मुंह से एक बात निकल रही थी कि हे ईश्वर ऐसा किसी के साथ मत करना।


मृतक के घर के बाहर अंतिम संस्कार के बाद की प्रक्रिया पूरी करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

- शनिवार दोपहर कोतवाली बिसौली क्षेत्र के गांव पैगा भीकमपुर में हादसे में चार की हुई थी मौत
- दो घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज में किया गया था भर्ती, इलाज के दौरान एक की हुई मौत


गांव के पास शमशान भूमि पर जल रहीं चिताएं। ● अमृत विचार

### चालक के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट, भेजा जेल

परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी चालक सहसवान निवासी करन सिंह पुत्र ज्ञानचंद्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। गांव में पुलिस बल तैनात किया गया है। देर शाम तक गांव से रोने और विलाप करने की आवाजें आती रहीं। पूरा गांव मातम में डूबा हुआ है।

### अपनों के गम में डूबे बच्चे, भूले भूख प्यास

अपनों को खोने का गम सभी को था। हालात ये थे कि गांव के बच्चों को भी भूख नहीं लग रही थी। आसपास के गांवों के लोग और रिश्तेदार खाना लाकर लोगों और बच्चों को खिलाने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन उन्हें भूख नहीं लगी थी। बच्चों के चेहरों पर अपनों के खोने का गम साफ झलक रहा था।

# महिला अस्पताल में जुड़वां बच्चों की मौत, हंगामा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जिला महिला अस्पताल में भर्ती महिला ने रविवार सुबह जुड़वा बच्चों को जन्म दिया। इनमें एक बेटा और दूसरी बेटी थी। कुछ देर बाद दोनों की मौत हो गई। तब परिजनों ने डॉक्टर व स्टॉफ पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। प्रसूता ने स्टॉफ नर्स पर रुपये मांगने का आरोप लगाया है।

ब्लॉक दातागंज के ग्राम सपरेरा निवासी सुरजीत ने बताया कि उसने अपनी गर्भवती पत्नी काजल को रविवार सुबह साढ़े छह बजे जिला महिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पांच मिनट बाद ही काजल को प्रसव पीड़ा शुरू हुई तो स्टाफ नर्स उसे लेबर रूम में लेकर गयी। वहां पर काजल को सामान्य प्रसव हुआ। काजल ने एक पुत्र और एक पुत्री को जन्म दिया। प्रसव के बाद जच्चा बच्चा दोनों ठीक थे। लेकिन कुछ देर बाद ही दोनों शिशुओं की मौत हो गयी। नवजातों की मौत की खबर जब काजल को दी गयी तो वह चीखने चिल्लाने लगी। इसी बीच उसके परिजन भी मौके पर पहुंच गए। काजल का आरोप था कि अंदर स्टाफ नर्स ने उससे कुछ रूपयों की मांग की, रुपए नहीं मिलने पर उसके शिशुओं की देखभाल नहीं की गयी, जिससे दोनों की मौत हो गयी। प्रसूता ने बताया कि उसके दोनो बच्चे सही थे। प्रसूता का आरोप है कि स्टॉफ नर्स की मनमानी के चलते ऐसा हुआ है। वहीं नर्स और अस्पताल प्रशासन ने आरोपों को निराधार बताया है।


जिला महिला अस्पताल के सर्जिकल वार्ड में भर्ती प्रसूताएं। ● अमृत विचार

- प्रसूता ने चिकित्सक और स्टाफ पर लगाया लापरवाही का आरोप
- अस्पताल में भर्ती महिला ने पुत्र और पुत्री को दिया था जन्म।

### अक्सर होता है विवाद

दो दिन पहले भी दो शिशुओं की मौत हुई थी, दो महिलाओं के शिशुओं की मौत के बाद भी हंगामा हुआ था। प्रसव कराने वाले स्टाफ पर अवैध वसूली का आरोप लगाया था। प्रसूताओं के परिजनों ने अस्पताल प्रशासन की मनमानी पर हंगामा करते हुए जिलाधिकारी से शिकायत की थी। जिला महिला अस्पताल में इस तरह अक्सर हंगामा होता रहता है।

### पीएनसी और सर्जिकल वार्ड के एसी नहीं हुए ठीक

जिला अस्पताल में पीएनसी वार्ड में लगे दोनों एसी खराब हैं, सर्जिकल वार्ड मे भी दोनों एसी खराब होने से बंद हैं। जिससे यहां पर भर्ती प्रसूताओं को उमस और गर्मी से परेशानी होती है। एसी खराब होने की शिकायत कई दिन पूर्व सीएमएस से की गयी। फिर भी एसी ठीक नहीं कराए गए हैं।

> आज में बाहर हूं मुझे पूरी जानकारी नहीं है। स्टाफ ने बताया कि शिशुओं का वजन कम था। इसलिए शिशुओं की मौत होना स्वाभाविक है। नौ महीने से कम के जो शिशु पैदा होते हैं उनमें वजन कम होता है इसलिए उनका बच पाना मुश्किल होता है।
> –**डा. इंदु कांत वर्मा** – सीएमएस

## गंगा में डूबे युवक का दूसरे दिन मिला शव

**उसहैत, अमृत विचार :** क्षेत्र के अटैना घाट पर शनिवार को बाबा का अंतिम संस्कार कराने आया युवक डूब गया। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से युवक का रविवार को शव बरामद कर लिया।

शाहजहांपुर के बाराकलां गांव निवासी पप्पू के पिता लटूरी का निधन बीमारी से हो गया था। शनिवार को परिजनों व अपने बेटे अमुकेश्वर (18) के साथ अटेना घाट पर आए थे। अंतिम संस्कार होने के बाद परिजनों के साथ अमुकेश्वर भी गंगा नहाने लगा। इसी दौरान वह गहरे पानी में पहुंचने से डूब गया। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने गोताखोरों की मदद से शनिवार को शव नहीं मिला। रविवार को दोबारा गोताखोर गंगा में उतरे और स्टीमर व जाल की मदद से देर शाम को शव बरामद कर लिया गया। बेटे की मौत से पप्पू का रो रोकर बुराहाल है।

# अब जीएसटी को हजम नहीं कर पाएंगे ग्राम पंचायत के ठेकेदार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- ग्राम पंचायत में अलग से खोला जाएगा होल्डिंग खाता
- जीएसटी न देने पर ठेकेदार के खिलाफ की जाएगी कार्रवाई

**अमृत विचार:** ग्राम पंचायतों में होने वाले विकास कार्यों को कराने वाले ठेकेदार अब जीएसटी हजम नहीं कर पाएंगे। इसके लिए अब शासन होल्डिंग खाता खुलवाएगा। जिसमें से ठेकेदार को भुगतान करने पूर्व दो प्रतिशत टीडीएस काट लिया जाएगा। जिसे पता चलता रहे संबंधित ने जीएसटी जमा नहीं की है। एक माह के जमा करने वाले के खिलाफ कार्रवाई की जा सके।

ग्राम पंचायत व अन्य विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों द्वारा सरकार को 18 प्रतिशत जीएसटी के माध्यम से कर जमा करते हैं। लेकिन ग्राम पंचायतों में बड़ी संख्या में ठेकेदारों पर जीएसटी का पैसा हजम करने का आरोप लगता रहा है। जिसके चलते शासन ने यह कदम उठाया है। जिले में 1036 ग्राम पंचायतें हैं। इनमें ग्राम पंचायत भवन, अंत्येष्टि स्थल, कूड़ा प्रबंधन केंद्र, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट, नाली, सड़क, खड़ंजा, इंटरलॉकिंग, चकरोड आदि कार्य होते रहते हैं। उनमें वाहन, मशीन आदि की खरीद भी ठेकेदारों के माध्यम से कराई जाती है। ठेकेदारों से वस्तुओं की खरीदारी करने के बाद ग्राम पंचायत के द्वारा पूरा भुगतान कर दिया जाता है। लेकिन कई ऐसे ठेकेदार हैं जो भुगतान के बाद भी जीएसटी रिटर्न दाखिल नहीं कर रहे हैं। शासन द्वारा जारी की गई नई व्यवस्था से ठेकेदारों से लगभग पूरी जीएसटी जमा होने की उम्मीद जगी है। इस संबंध में डीपीआरओ श्रेया मिश्रा ने बताया कि ग्राम पंचायतों से ठेकेदार को भुगतान से पहले दो प्रतिशत टैक्स काट कर होल्डिंग अकाउंट में जमा कर दिया जाएगा। एक माह बाद रिटर्न दाखिल कर दिया जाएगा। जीएसटी विभाग को दो प्रतिशत टैक्स मिलने के साथ ही यह भी पता चल जाएगा कि अभी 16 प्रतिशत बकाया टैक्स संबंधित ठेकेदार पर बाकी है। ऐसे में समय से रिटर्न नहीं दाखिल करने वाले ठेकेदार को विभाग की ओर से नोटिस भेजने की कार्रवाई भी की जाएगी।

> पंजीकृत ठेकेदार की ओर से जीएसटी पहले भी जमा हो रही है। इस व्यवस्था के चलते अपंजीकृत ठेकेदार से भी जीएसटी जमा होने लगेगी। अब वह कर की चोरी नहीं कर पाएंगे।
> –**राजीव पांडेय**, डिप्टी कमिश्नर, वाणिज्यकर बरेली

# प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहे मतगणना सहायक, डीएम ने मांगा स्पष्टीकरण

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** चार जून को मतगणना होनी है। इस कार्य में लगाई गए कार्मिकों को ऑडिटोरियम में प्रशिक्षण दिया है। जिसमें तीन मतगणना सहायक अनुपस्थित रहे। इन सभी से कार्मिक अधिकारी ने स्पष्टीकरण मांगा है। इस दौरान डीएम ने मतगणना संबंधी जानकारी कार्मिकों को दी। डीएम ने कहा कि सभी कार्मिक मतगणना से संबंधित पहलुओं व बिंदुओं का भली प्रकार अध्ययन कर लें। मतगणना सुचिता, निष्पक्ष व पारदर्शिता होनी चाहिए। कहा कि कंट्रोल यूनिट की गणना के अगले राउंड को तभी प्रारंभ किया जाएगा जब पिछले राउंड की कंट्रोल यूनिट की गणना का कार्य पूर्ण हो चुका हो। प्रत्येक गणना टेबल पर एक माइक्रो आब्जर्वर की तैनाती रहेगी।

### बिना पहचान पत्र के किसी को नहीं मिलेगा प्रवेश

डीईओ मनोज कुमार ने मतगणना की तैयारी के संबंध में अधिकारियों के साथ बैठक की। उनके द्वारा अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश गए। कहा गया कि मतगणना के दौरान रहेंगे कड़े सुरक्षा प्रबंध, बिना पहचान पत्र के किसी को भी मतगणना स्थल में प्रवेश नहीं करने दिया जाए। मतगणना स्थल में मोबाइल लेकर आना प्रतिबंधित रहेगा।

# मधुवन कॉलोनी में नहीं होगा जल भराव, बनेगा हार्वेस्टिंग सिस्टम

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** शहर की पॉश कॉलोनियों में शुमार मधुबन कॉलोनी में जल्द ही सुधार देखने को मिलेगा। वर्षों से जलभराव की समस्या से जूझ रहे लोगों को मुक्ति दिलाने के लिए नगर पालिका प्रशासन रेनवॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाने जा रहा है। इसके बनने से जलभराव की समस्या तो दूर होगी ही साथ ही जल संचयन भी होगा। रेनवॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनवाने के लिए पालिका प्रशासन प्रस्ताव तैयार कर रहा है। बरसात शुरू होने से पूर्व ही इसका निर्माण कार्य पूरा करने की उम्मीद जताई जा रही है।

शहर की मधुबन कॉलोनी में पिछले दो साल से हालात खराब चले आ रहे है। पहले पानी रेलवे लाइन पास एक तालाब में जाता था, लेकिन वहां पर निर्माण होने की वजह से पानी उधर नहीं जा पा रहा। अब पानी सड़कों पर भरने लगा है। ऐसी स्थिति होने से कॉलोनी के हालात अधिक खराब हो गए। जलभराव से आवागमन में मुश्किल हो रही है। जिसकी शिकायत लोगों ने सिटी मजिस्ट्रेट से की। जिस पर उन्होंने जल्द ही समस्या का समाधान करने की बात कही। सिटी मजिस्ट्रेट ने जेई नगर पालिका को स्टीमेट तैयार करने के आदेश दिए हैं। जल्द ही निर्माण होगा।

> मधुवन कॉलोनी में जलभराव की समस्या दूर करने के लिए रेनवॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाया जाएगा। स्टीमेट तैयार कराया जा रहा है। जल्द ही निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा।
> – **अरुण कुमार**, सिटी मजिस्ट्रेट प्रभारी ईओ नगर पालिका


इसी तालाब में जाता है मोहल्ले के घरों का पानी। ● अमृत विचार


मधुवन कॉलोनी जलभराव से गुजरते लोग। ● अमृत विचार

## शहर में आज

- मतगणना कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण शहर के श्रीगणेश इंटर कॉलेज में सुबह 10 बजे से।
- राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की बैठक शहर के नदरई गेट स्थित कम्युनिटी हॉल में शाम चार बजे से।
- सेवा संस्कार समिति की बैठक शहर के गंगेश्वर कॉलोनी में सुबह 11 बजे से।
- ब्राह्मण कल्याण सभा द्वारा श्रीवराह मंदिर से हरि की पौड़ी परिक्रमा शाम सात बजे से।

## एक नजर

### गृहक्लेश के चलते युवक ने जहर खाया, गंभीर

**कासगंज।** सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव कादरखेड़ा में शुक्रवार की सुबह युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे भर्ती कर लिया। बताया जाता है कि युवक का पत्नी से आये दिन झगड़ा होता रहता है। इससे क्षुब्ध होकर उसने जहर खा लिया। इसकी सूचना पुलिस को नहीं दी गई है। परिजनों का कहना है कि उन्होंने दोनों को कई बार समझाने की कोशिश की।

### सर्पदंश से दो लोगों की हालत बिगड़ी

**कासगंज।** गांव मामो निवासी यशवीर सिंह का पुत्र निखिल रविवार सुबह छह बजे खेत पर शौच गया था। तभी उसे सर्प ने डंस लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। वहीं, गांव गंगपुरा निवासी कैलाश का 19 वर्षीय पुत्र अंकित रविवार सुबह तीन बजे घर के अंदर कमरे में फर्श पर सो रहा था। तभी उसे सर्प ने डंस लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सीएचसी सहावर ले गए। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### अवैध शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**कासगंज।** सोरों कोतवाली पुलिस ने सूचना के आधार पर एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से प्लास्टिक की कट्टी में पांच लीटर अवैध शराब बरामद की है। इंस्पेक्टर भोजराज अवस्थी ने बताया कि आरोपी अंकित सिंह निवासी चंद्रपुरा गऊपुरा को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत विधिक कार्यवाही की गयी है।

# बेसिक के दो शिक्षकों में पर लटकी बर्खास्तगी की तलवार

## बार-बार स्पष्टीकरण मांगने के बाद भी नहीं दिया कोई जवाब

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग में शिक्षकों की भर्ती में लंबे समय से फर्जीवाड़ा चला आ रहा है। फर्जीवाड़े के आरोपी कई शिक्षकों को तो उच्च न्यायालय से राहत मिल गई है। जबकि कुछ शिक्षकों पर अभी कार्रवाई की तलवार लटकी है। फिलहाल जिले के दो शिक्षकों को बर्खास्तगी का नोटिस दिया गया है। इन शिक्षकों को नोटिस देकर स्पष्टीकरण मांगा गया, लेकिन जवाब समय से न मिलने के कारण उनके विरुद्ध बर्खास्तगी की कार्रवाई लगभग तय मानी जा रही है। ये दोनों फर्जी दस्तावेज के माध्यम से शिक्षक की नौकरी पाने के आरोपी हैं।

करीब तीन साल पहले एसआईटी की जांच में कासगंज जिले के 90 शिक्षक बर्खास्त किए गए थे। इन्हें पहले तो उच्च न्यायालय से राहत मिल गई थी, लेकिन जब शिक्षा विभाग ने अपना पक्ष न्यायालय के समक्ष रखा तो फिर से इन पर कार्रवाई की गई। हालांकि बाद में इन शिक्षकों को दोबारा तैनाती मिल गई। मगर जांच में पाया गया कि कासगंज जिले में और भी तमाम शिक्षक ऐसे हैं, जो फर्जी दस्तावेजों से नौकरी हासिल कर चुके हैं। इन सभी का ब्योरा खंगाला गया। इसके बाद छह शिक्षक बर्खास्त कर दिए गए। इनमें से पिछले सप्ताह पांच शिक्षकों को उच्च न्यायालय से फिर राहत मिल गई। जबकि, एक शिक्षक का मामला न्यायालय में विचाराधीन है। इस बीच दो अन्य शिक्षक फर्जी दस्तावेज के आधार पर नौकरी हासिल करने के आरोपी पाए गए हैं। इन दोनों को नोटिस जारी करके स्पष्टीकरण मांगा गया है, जिसका जवाब नहीं दे रहे हैं। अब विभाग ने इन दोनों को बर्खास्त करने की तैयारी कर ली है। हालांकि अभी विभागीय अधिकारी इन शिक्षकों का नाम उजागर करने को तैयार नहीं।

- **फर्जी दस्तावेज के जरिए बेसिक शिक्षा विभाग में शिक्षक की नौकरी हासिल करने का आरोप**

> कुछ शिक्षकों ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नौकरी हासिल कर ली है। इनमें कुछ को बर्खास्त कर दिया गया है, जबकि कुछ की जांच विचाराधीन है। कई शिक्षकों को न्यायालय से राहत मिल गई है। – **राजीव कुमार**, बीएसए

### वर्ष 2010 में किया गया था फर्जीवाड़ा

वर्ष 2010 में नौकरी के नाम पर फर्जीवाड़ा हुआ था। यहां तैनात रहे बाबू ने बीएसए के फर्जी हस्ताक्षर कर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किए थे। आरोपी बाबू के खिलाफ कार्रवाई भी हुई थी। हालांकि बाद में उच्च अधिकारियों की मेहरबानी से उसे राहत मिल गई। मगर इस मामले में वर्ष 2014 में फर्जी शिक्षकों के विरुद्ध तत्कालीन डीएम के. विजेंद्र पांडियान ने एफआईआर दर्ज कराई थी।

## किशोरी को ले जाने वाले युवकों पर रिपोर्ट

**कासगंज, अमृत विचार :** सहावर थाने के एक गांव के व्यक्ति ने अपनी 16 वर्षीय पुत्री को बहला फुसलाने कर ले जाने का आरोप गांव के जगतपाल, ताराचंद्र व थाना सिढ़पुरा के गांव सिंहपुर निवासी श्यामपाल पर लगाया है।

आरोपियों द्वारा पुत्री की हत्या किए जाने की आशंका जताई है। साथ ही आरोपियों को नामजद करते हुए थाना सहावर में तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर लोकेश सिंह भाटी ने बताया कि आरोपियों व किशोरी की तलाश के लिए पुलिस की टीमें लगाई गई हैं। संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई है, लेकिन अभी तक न तो आरोपी मिले हैं और ना ही किशोरी।

**मारपीट करने का आरोप:** एटा। प्रेमपाल भारती निवासी जयहिंद नगर कोट राजस्थान के मुताबिक 22 मई को वह देवतरा गांव के पास मौजूद था। तभी इसी गांव के चार लोग उसे पकड़ लिया और मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी।

## सुबह-सुबह साइकिल चलाएं खुद को सेहतमंद बनाएं

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

विश्व साइकिल दिवस पर विशेष



**अमृत विचार :** शरीर को स्वस्थ रखने के लिए व्यायाम जरूरी हैं। साइकिल चलाना, तैरना, रस्सी कूदना तथा दौड़ना भी व्यायाम है। इनमें साइकिल की सवारी सबसे अच्छा व्यायाम माना जाता है। इसलिए सुबह को लोग साइकिल चलाना पसंद करते हैं। शनिवार को विश्व साइकिल दिवस है। इस दिन सबको साइकिल की सवारी करके सेहत दुरुस्त रखने और पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाने का संकल्प लेना चाहिए।

आम तौर पर देखा गया है कि लोग कार से हेल्थ क्लब साइकिल चलाने जाते हैं। दरअसल नियमित साइकिल चलाने से पूरे शरीर का व्यायाम हो जाता है। यह न केवल सर्वोत्तम व्यायाम है, अपितु खर्चा भी बचाता है। बहुत से लोग चाहकर भी साइकिल नहीं चला पाते। लोग क्या कहेंगे, क्या सोचेंगे आदि बातों की कल्पना करते हैं। वे साइकिल चलाने का इरादा छोड़ देते हैं। योग के प्रशिक्षक जेसी चतुर्वेदी बताते हैं कि साइकिल चलाने को एक व्यायाम के रूप में अपनाइए तो इसके ढेर सारे लाभ होते हैं। यदि समतल सड़क या मैदान पर साइकिल चलाई जाए तो इसमें थकान कम और व्यायाम अधिक होता है। जिनके घुटने के जोड़ों में दर्द रहता है या शरीर में जकड़न महसूस होती है। वो एक घंटे साइकिल जरूर चलाएं। सड़कों या मैदानों में साइकिल चलाना जरूरी नहीं है। चाहें तो घर कमरे में साइकिल को स्टैंड पर खड़ी करके सीट पर बैठकर पैडल चला सकते हैं। इससे जोड़ खुलने लगते हैं। पैरों की पिंडलियों की मांसपेशियां भी मजबूत होती हैं।

## पुलिस ने तीन घंटे में खोज निकाला लापता बालक

**कासगंज।** एसपी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना गंजडुंडवारा पुलिस ने लापता हुए 12 वर्षीय बालक को मात्र तीन घंटे में तलाश करने के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

इंस्पेक्टर गोविंद बल्लभ शर्मा ने बताया कि दो मई को रनवीर सिंह पुत्र महावीर सिंह निवासी ग्राम नगला मंशा थाना गंजडुंडवारा ने सूचना दी कि उनका भतीजा हरकेश पुत्र सत्यवीर बकरियां चराने गया था, जो घर नहीं लौटा।

इस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए हरकेश की तलाश के लिए पुलिस टीम गठित की गई। आम लोगों से समन्वय बनाकर पुलिस टीम ने गुमशुदा बालक को सकुशल ढूंढ निकाला। इसके बाद उसे परिजन के सुपुर्द कर दिया। बच्चे को सकुशल पाकर परिवार वालों के चेहरे खिल उठे।

## फौजी ने बहन की सास को लात घूंसे से पीटा, वीडियो वायरल

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो।

**अमृत विचार :** आपसी विवाद के चलते एक फौजी ने अपनी बहन की सास को लात-घूंसों से जमकर पीटा। पीड़ित के तहरीर देने के बावजूद पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

कासगंज कोतवाली के शांतापुरी गांव की महिला का अपने पति से विवाद चल रहा है। जिसका मामला न्यायालय में विचाराधीन है। शनिवार को इस मामले में तारीख थी। जिस महिला से विवाद है उसका भाई आर्मी में है, जो कासगंज आया हुआ था। तारीख करने के बाद महिला और उसकी सास अपने-अपने लौट रहे थे। रास्ते में नगला खंदारी के रहने वाले मायके पक्ष के लोगों ने महिला की सास पर हमला बोल दिया। हमलावरों में शामिल फौजी ने बहन की सास की लात-घूंसों से पिटाई की। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ।

**तमाशबीन बने रहे लोग :** जिस वक्त फौली महिला को लात से पीट रहा था उस समय मौके पर तमाम लोग एकत्र थे। मगर कोई महिला को बचाने के लिए आगे नहीं बढ़ा। महिला के परिजनों से पुलिस को तहरीर दी, लेकिन रविवार देर शाम तक मामला दर्ज नहीं हो सका।

- **पारिवारिक विवाद के चलते कोर्ट में तारीख पर आई थी महिला**
- **तहरीर देने के बावजूद पुलिस ने नहीं लिखी रिपोर्ट, परिजनों में आक्रोश**

> तहरीर दोनों पक्षों की ओर से मिली है। जांच पड़ताल की जा रही है, जो गलत होगा उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। – **रामवकील सिंह**, इंस्पेक्टर

## ईमानदारी व निष्पक्षता से कराई जाए मतगणना

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



पत्रकारों से बातचीत करते सपा प्रत्याशी देवेश शाक्य व अन्य नेता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की मतगणना सभी विधानसभा क्षेत्रों में पूरी निष्पक्षता से कराई जाए। इसमें कहीं धोखाधड़ी हुई तो सपा कार्यकर्ता सड़क पर उतरेंगे। प्रत्येक चक्रों की मतगणना पूरी तरह स्पष्ट होनी चाहिए। सपा प्रत्याशी और पार्टी के नेताओं ने यह बात रविवार को पत्रकार वार्ता के दौरान कही।

पत्रकारों से बातचीत के दौरान सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अब्दुल हफीज गांधी ने कहा कि पांचों विधानसभाओं के मतगणना एजेंट को नियम-कानून के बारे में जानकारी दी गई है।

मतगणना एजेंट को यह भी बताया गया है कि प्रत्येक चक्र की मतगणना के बाद काउंटिंग सुपरवाइजर समाजवादी पार्टी के काउंटिंग एजेंट को फार्म 17 सी देंगे। इसी के साथ एआरओ राउंड वार मतगणना के बाद एक सर्टिफिकेट समाजवादी पार्टी के काउंटिंग एजेंट को देंगे। समाजवादी पार्टी के सभी काउंटिंग एजेंट को एक बुकलेट दी जा रही है, जिसमें सभी जरूरी सूचना पहले से उनको दी जा रही है। किस बूथ पर कौन सी ईवीएम मशीन किस नंबर की गई है। उस बूथ पर टोटल वोट कितने हैं और कितने वोट पड़े हैं। इस तरह की जानकारी हर एक काउंटिंग एजेंट को पहले से दी जा रही है। ताकि मतगणना के दौरान काउंटिंग सेंटर में जब ईवीएम खुले तो उसे दी हुई जानकारी से ईवीएम के वोटों से मिलान हो सके।

सपा प्रत्याशी श्री देवेश शाक्य ने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि प्रशासन पूरी निष्पक्षता के साथ मतगणना कराएगा। जनता ने जो जनादेश दिया है उसका सम्मान करते हुए चुनाव आयोग जनता तक पहुंचाए। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के काउंटिंग एजेंट बनाते समय उनकी योग्यता को भी ध्यान में रखा गया है। सभी सक्षम लोगों को काउंटिंग एजेंट बनाया गया है। इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष विक्रम यादव, पूर्व विधायक हरसत उल्ला शेरवानी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष अदनान मियां, विनोद बघेल, दिनेश शाक्य, मुनेन्द्र शाक्य, सुल्तान चौधरी, पवन यादव, अबरार अहमद, मनोज यादव, राजकुमार यादव, अरुण राजपूत, विनीत यादव, अशोक कुमार पचौरी, हजारीलाल, अली हसन, अजय बहेडिया, रिंकू महाजन, उमेश चंद्रा, सोरन सिंह बघेल, कैलाश चंद्र आदि मौजूद रहे।

- **सपा के प्रत्याशी व राष्ट्रीय प्रवक्ता ने मीडिया के सामने उठाई मांग**
- **धोखाधड़ी होने पर सपा कार्यकर्ताओं के सड़क पर उतरने की दी चेतावनी**

## घरवाले पूर्णागिरी दर्शन को गए, चोरों ने घर खंगाला



घरवालों से घटना की जानकारी लेते पुलिस वाले। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** घरवाले मां पूर्णागिरि के दर्शन को गए थे। उनकी गैर मौजूदगी में घर का ताला तोड़कर घुसे चोर हजारों रुपये के जेवर और घरेलू सामान ले गए। इस घटना की जानकारी परिवार वालों के घर लौटने पर हुई। इसकी सूचना देने पर पुलिस ने मौका मुआयना किया।

कस्बा गंजडुंडवारा के मोहल्ला मूलचंद्र निवासी दिवाकर लाल पाठक परिवार समेत 30 मई को मां पूर्णागिरि के दर्शन करने गए थे। उनके घर में ताला पड़ा था। रविवार को लौटने पर उन्होंने घर का ताला टूटा देखा तो सन्न रह गए। उनके घर के कमरे में सामान तितर-बितर पड़ा था। हजारों रुपये के जेवर, नगदी व घरेलू सामान गायब था। दिवाकर के बताने पर आसपास के लोग पहुंच गए। सूचना देने पर पुलिस मौके पर जा पहुंची और आसपास के लोगों से पूछताछ की।

- **रविवार को लौटने पर हुई घटना की जानकारी, पुलिस ने किया मौका मुआयना**

> मामले में जांच शुरू कर दी गई है। घटना स्थल का निरीक्षण पुलिस टीम ने कर लिया है। क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरे भी देखे जा रहे हैं। जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा। – **विनोद कुमार**, इंस्पेक्टर गंजडुंडवारा

## गंजडुंडवारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का आक्सीजन प्लांट दोबारा चालू

संवाददाता, गंजडुंडवारा




गंजडुंडवारा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगा ऑक्सीजन प्लांट।

**अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गंजडुंडवारा में लगे आक्सीजन प्लांट में तकनीकी खराबी आने से पिछले दो सालों से सप्लाई ठप थी। प्लांट में आई खराबी ठीक होने के बाद ऑक्सीजन की सप्लाई दोबारा चालू कर दी गई। इसे ठीक कराने के लिए विभाग को लगभग 80 हजार रुपये खर्च करने पड़े।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ. मुकेश कुमार ने बताया कोरोना काल के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में पीएसए प्लांट की स्थापना कराई गई थी। इस प्लांट में एक मिनट में 320 लीटर आक्सीजन तैयार होती है। अस्पताल प्रशासन ने आक्सीजन प्लांट के जरिए 50 बेड जोड़ रखे थे, जिससे मरीजों को आक्सीजन की सुविधा दी जाती थी। मगर दो वर्ष पूर्व पीएसए प्लांट हीट होना शुरू हो गया, जिससे सर्विस करवाने के संकेत आने लगे। इस कारण प्लांट बंद कर दिया गया था। प्लांट खराब होने पर आक्सीजन सिलेंडरों की खपत बढ़ गई थी। प्लांट ठीक होने से अब सिलेंडरों की खपत कम हो जाएगी।

- **तकनीकी खराबी आने के कारण पिछले दो सालों से बंद पड़ा था ऑक्सीजन प्लांट**

## घनी बस्ती के बीच खाली प्लाट में आग लगने से मची अफरा-तफरी

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



प्लाट में लगी आग बुझाते दमकल कर्मी।

**अमृत विचार :** शहर के सोरों रोड स्थित घनी बस्ती में खाली पड़े प्लाट में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने लगभग डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

सोरों रोड पर एलआईसी कार्यालय के समीप नीलम हॉस्पिटल के सामने खाली प्लाट है। जिसमें काफी समय से कूड़ा करकट पड़ा था। रविवार को प्लाट में पड़े कूड़ा में अचानक आग लग गई। घनी बस्ती के बीच आग की लपटें उठने से लोग खुद को सुरक्षित करने के लोग इधर-उधर भागने लगे। कुछ लोग आग बुझाने को जुट गए। इस बीच दमकल और पुलिस को सूचना दी गई। दमकल कर्मी गाड़ी लेकर मौके पर जा पहुंच गए और आग बुझाना शुरू कर दिया। फिर लगभग डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली। सीएफओ आरके तिवारी ने बताया कि आग की सूचना मिलते ही दमकल वाहन मौके पर भेजा गया। आग पर नियंत्रण कर लिया गया।

- **फायर ब्रिगेड ने डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू**

## चार दिन बाद बदला गया ट्रांसफार्मर

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



सोरों गेट पुलिस चौकी के पास मशीन से नया ट्रांसफार्मर रखते कर्मचारी।

**अमृत विचार :** शहर के सोरों गेट क्षेत्र में चार दिन पहले फूंका ट्रांसफार्मर रविवार को बदला जा सका। इस दौरान अस्थाई ट्रांसफार्मर से बिजली आपूर्ति की जा रही थी, लेकिन ट्रिपिंग की समस्या से लोग परेशान थे। इससे लोगों में आक्रोश था। रविवार को ट्रांसफार्मर बदलने पर लोगों ने राहत की सांस ली है।

सोरों गेट क्षेत्र की आपूर्ति रेलवे फीडर से है, लेकिन यहां फीडर काफी बड़ा होने के कारण अलग-अलग क्षेत्रों में ट्रांसफार्मर रखे हैं। मुख्य ट्रांसफार्मर सोरों गेट पुलिस चौकी के पास रखा है। यहां चार दिन पहले ट्रांसफार्मर फूंक गया था, जिससे क्षेत्र की आपूर्ति ठप हो गई थी। भीषण गर्मी में परेशान लोगों ने बिजली उपकेंद्र जाकर हंगामा किया था। लोगों को शांत करने के लिए वहां अस्थाई ट्राली ट्रांसफार्मर रख दिया था, जो ओवरलोड हो रहा था। इससे बिजली आपूर्ति व्यवस्थित नहीं हो पा रही थी। इसको लेकर लोगों में आक्रोश था। रविवार को वहां ट्रांसफार्मर बदल दिया गया। इसके बाद बिजली सप्लाई सुचारु हो गई।

- **लोगों के हंगामा करने पर सोरों गेट पुलिस चौकी के पास लगा था अस्थाई ट्रांसफार्मर**

> सोरों गेट क्षेत्र का ट्रांसफार्मर खराब हो गया था। इससे वहां अस्थाई व्यवस्था की गई थी। मगर अब स्थाई ट्रांसफार्मर रखवा दिया गया है। आपूर्ति पूरी तरह व्यवस्थित ढंग से दी जाएगी। – **एके सविता**, अधीक्षण अभियंता विद्युत

# पशुओं पर गर्मी की मार, घट रहा दुग्ध उत्पादन

कार्यालय संवाददाता,कासगंज



**अमृत विचार:** भीषण गर्मी की मार पशुओं पर भी पड़ रही है। गर्मी के चलते दुधारू पशुओं ने दूध देना कम कर दिया है। इससे पशुपालक चिंतित हैं, जिससे दूध की किल्लत बढ़ गई है।

गर्मी के मौसम में दुधारू पशुओं में दूध की कमी हो जाती है, जिससे दूध का उत्पादन घट जाता है। इस साल गर्मी का प्रकोप पिछले वर्षों के मुकाबले ज्यादा है। भीषण गर्मी में पशुओं ने दूध देना कम कर दिया है। आसमान से बरसती आग से दूध उत्पादन लगातार गिर रहा है। इससे लाखों रुपये का नुकसान पशुपालकों को हो रहा है। इस साल अधिकतम तापमान 47 डिग्री के पार पहुंच गया है। ऐसे में गाय और भैंस 15 से 20 फीसदी दूध कम दे रही हैं। दूध का उत्पादन गिरने से पशुपालक परेशान हैं। पशु चिकित्सकों का कहना है कि सूरज के आग उबलने से पशुओं की सेहत पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

दुधारू पशुओं की परवरिश पर इन दिनों अधिक खर्चा करना पड़ रहा है। जबकि पशु दूध कम दे रहे हैं। गर्मी के मौसम में हरे चारे की दिक्कत होती है। हालांकि दुधारू पशुओं को पालक महंगा चारा खिला रहे हैं। खल चोकर पर अधिक पैसा खर्च कर रहे हैं। फिर भी दूध का उत्पादन गिरता जा रहा है।

- **पशुपालक परेशान, बढ़ती जा रही दूध की किल्लत**

### पशुओं को गर्मी से बचाने को यह करें उपाय

- नमक चीनी का घोल दुधारू पशुओं को पिलाएं।
- पशुओं को हवादार और छायादार स्थान पर रखें
- दिन में कम से कम चार बार पशुओं को नहलाएं

> गर्मी के मौसम में दूध का उत्पादन गिर जाता है। पशुपालक पशुओं की परवरिश बेहतर ढंग से करें उन्हें गर्मी से बचाए तो दूध गिरावट में कमी आएगी। – **राजेश कुमार**, निजी पशु चिकित्सक

### आंकड़े एक नजर में

- जिले में 50 हजार गाय और 2.80 लाख दुधारू भैंसें हैं।
- 02 लाख लीटर दूध का प्रतिदिन होता है उत्पादन
- 35 हजार लीटर तक औसतन दूध उत्पादन में आई गिरावट
- 18 सौ रुपये प्रति कुंतल बिक रहा है भूसा

> गर्मी के दिनों में वैसे तो पशु दूध देना कम कर देते हैं, लेकिन इस बार अधिक गर्मी की वजह से बीते सालों की अपेक्षा अधिकांश पशु दूध देना बंद कर चुके हैं। जिससे परिवार में दूध की किल्लत हो गई है। – **रामसेवक**,पशुपालक

## जनजातीय कार्य मंत्रालय में अफसर बने जय शर्मा



जय शर्मा

**मोहनपुरा, अमृत विचार :** लक्ष्य प्राप्ति का दृढ़ संकल्प हो तो सफलता जरूर मिलती है। मोहनपुरा कस्बे के मोहल्ला खेरिया निवासी जय शर्मा ने जनजातीय कार्य मंत्रालय में असिस्टेंट सेक्शन ऑफिसर के पद पर नियुक्ति पाकर परिवार और जिले का नाम रोशन किया है।

वर्तमान में उनकी नियुक्ति महाराष्ट्र के लिए की गई है। बचपन से मेधावी रहे जय शर्मा ने हाईस्कूल व इंटरमीडिएट नगर के एक प्रतिष्ठित पब्लिक स्कूल से प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण किया था। इसके बाद बीएससी, बीएड और एमएससी आगरा विश्वविद्यालय से की। उनके पिता रामनरेश शर्मा सेना से सेवानिवृत्त हैं। जय शर्मा ने यह सफलता पहले प्रयास में हासिल कर ली है। वह इस सफलता का श्रेय अपने गुरु एवं पिता द्वारा सिखाए गए अनुशासनात्मक व दिनचर्या देते हैं।

## जुआ खेलते दो आरोपी गिरफ्तार

**कासगंज।** पटियाली कोतवाली पुलिस ने सूचना के आधार पर जुआ खेलते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर गोविंद बल्लभ शर्मा ने बताया कि जुआ खेलते हुए मुनीश्वर निवासी लालगढ़ी थाना जैथरा जनपद एटा एवं कुमरपाल निवासी ग्राम कुड़ा थाना पटियाली को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपियों के कब्जे से 5800 रुपये, तीन मोटर साइकिल आदि बरामद हुई है। बरामद तीनों मोटर साइकिलों को सीज कर दिया गया। आरोपियों के विरुद्ध जुआ अधिनियम के तहत विधिक कार्यवाही की गई है।

आवश्यकता है
अमृत विचार, बरेली को
अनुवादक की
अंग्रेजी से हिन्दी में अनुवाद करने में दक्ष हो।
हिन्दी टाईपिंग का भी अनुभव होना चाहिए
अनुभव : न्यूनतम 3 से 5 वर्ष का
वेतन योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें
9518031113, 8476006584
ऑफिस : नजदीक सैटेलाईट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# अम्बा हैल्थ क्लीनिक




## डा.आर.एस.सिंह
B.A.M.S.F.R.H.S. (आयुर्वेदाचार्य)
स्वास्थ्य एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ

- रजि. भारतीय चिकित्सा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त
- 27 सालों से स्वास्थ्य एवं गुप्त रोगों का चिकित्सा अनुभव

पतले दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री/पुरुष तंदरूस्ती प्राप्त करें।

## मोटे होने का रामवाण इलाज



नवयुवक-युवतियां 3 से 4 इंच तक लम्बाई बढ़ायें



विशेष चिकित्साः- ●भूख न लगना ● कब्ज ●अपच ●गैस ● खाने के बाद शौचालय जाना ● शारीरिक अंगों का विकास रूकना ● पुलिस फोर्स एवं फिल्मों में आदि में भर्ती में नाप-तोल में कमी होना ● 3 से 4 इंच कद लम्बा करें। ● बच्चों का बिस्तर में पेशाब करना मोटे व थुल-थुले व्यक्ति वजन कम करें। ● कील, मुंहासे, झाइयां, सफेद दाग दूर करें सावलांपन हटायें और सुन्दर बनें। ●बालो का झड़ना व टूटना एवं सफेद होना व गंजापन दूर करें। ●खूनी व वादी बवासीर का रामबाण इलाज।

शराबी को बिना लाये, बिना बताये शराब व अन्य नशा छुडायें।



नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनायें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनायें

## सैक्स समस्याऐं
छिपाएं नहीं बताएं या मिलें
स्वप्नदोष, शीध्रपतन, मर्दाना कमजोरी

- शुरू से लाभ, 40 से 80 दिनों में इलाज सम्भव।
- हस्तमैथुन व धात जाने से नसों में खराबी।
- इन्द्री का ढ़ीलापन, पतलापन, छोटापन दूर करें।
- वीर्य में शुक्राणु निल होना या कम होना।
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसौली होना।
- योनि का ढ़ीलापन होना व सैक्स इच्छा कम होना।
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र पहले बन्द होना।

Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें।

गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।

10 से 21 वर्ष शादी से पहले जिन बच्चों की इन्द्री का छोटापन, पतलापन, मोटापन का रामबाण इलाज के लिए उन माता-पिता से निवेदन है कि अवश्य मिलें। कहीं ऐसा न हो कि शादी के बाद पछताना पड़े। (25 वर्षों का अनुभव)

विज्ञापन साथ लाने पर मेडिसिन पर 10% की विशेष छूट

मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक

दिनांक :- 09 जून 2024, रविवार
07 जुलाई 2024, रविवार

निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली

9837069463
7599211076


## एक नजर

### लाइनमैन से मारपीट जेई ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**एटा।** निधौलीकलां उपकेंद्र के अवर अभियंता रजनीकांत ने कुछ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि 30 मई को विद्युत विभाग में संविदा लाइनमैन निधौलीकलां के ग्राम नगलाधन पर काम कर रहा था। इसी दौरान क्षेत्र के गांव ब्रहम्मनगर निवासी विक्रम पुत्र सत्यप्रकाश समेत पांच-छह लोग वहां पहुंच गए। आरोप है कि नामजद लोगों ने लाइनमैन से गाली गलौज की। विरोध करने पर सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए मारपीट की। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### तीन युवकों ने छह साल के बच्चे से किया दुष्कर्म

**जैथरा।** जैथरा थाना में एक महिला ने नगला गुमानी निवासी रामू पुत्र राजवीर सिंह समेत तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसका आरोप है कि एक जून को पीड़िता के एक वर्षीय पुत्र के पास आरोपित आए और पकड़कर नगला गुमानी के खेत में ले गए। जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। उनके चंगुल से छूटने के बाद घर पहुंचे बेटे ने इसकी शिकायत परिजनों से की। महिला ने इसकी शिकायत की तो रामू समेत तीनों लोगों ने पीड़िता से मारपीट की गई। इससे उसके चोटें आई हैं। इसके बाद आरोपित मौके से भाग गए।

# अलग-अलग स्थानों पर करंट लगने से पिता-पुत्र समेत तीन झुलसे, दो की मौत

## कोतवाली देहात व जसरथपुर इलाके में हुए हादसे, बिजलई गांव के किसान की हालत नाजुक

संवाददाता, एटा

**अमृत विचारः** जिले के दो अलग-अलग स्थानों पर करंट लगने से पिता-पुत्र समेत तीन लोग गंभीर रूप से झुलस गए। इनमें दो लोगों की मौत हो गई, जबकि तीसरे की हालत नाजुक है। इसमें एक हादसा कोतवाली देहात और दूसरा जसरथपुर इलाके में हुआ।

कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के गांव सैलार निवासी संजय कुमार ने बताया कि रविवार दोपहर उसकी पत्नी राजकुमारी (45) घर में पशुओं के पास जा रही थी। वहीं रास्ते में लगे बिजली के पोल में लगे अर्थिंग के तार में करंट आ रहा था। नजदीक से गुजरते समय किसी तरह राजकुमारी का हाथ अर्थिंग वाले तार से छू गया, जिससे करंट लगने पर वह बेहोश होकर जमीन पर गिर गई। वहां मौजूद लोगों ने दौड़ कर परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजन महिला को उठाकर स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।



करंट लगने से महिला की मौत के बाद विलाप करतीं परिवार की महिलाएं। ● अमृत विचार

घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया । मृतका के पति संजय कुमार ने विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। हादसे की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। इसके बाद पोस्टमार्टम कराया गया।

जसरथपुर थाना क्षेत्र के गांव बिजलई निवासी दिनेश चन्द्र (35) व उसके पिता जोगराज रविवार सुबह आठ बजे अपनी भैंस को लेकर जा रहे थे। गांव में टूटे पड़े बिजली के तार को देख भैंस भड़क गई और दिनेश को घसीटते हुए दौड़ गई। उसके पीछे जोगराज भी दौड़े। इसी दौरान दिनेश और जोगराज बिजली के टूटे तार की चपेट में आ गए, जिससे दोनों को तेज करंट लगा। इससे दोनों बेसुध होकर गिर गए। इसका पता लगने पर पहुंचे परिजन और ग्रामीण दोनों को उठाकर स्वास्थ्य ले गए। जहां दिनेश को डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद परिजनों व ग्रामीणों में विभाग के खिलाफ आक्रोश पनप गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## युवकों ने घर में घुसकर किया जानलेवा हमला सकीट थाने में रिपोर्ट

**एटा, अमृत विचारः** सकीट थाने में सत्येन्द्र पुत्र रामेश्वर निवासी इशारा पश्चिम ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि गांव का रामगोपाल पुत्र सत्यवीर सिंह शनिवार को अपने साथियों के साथ मिलकर उनके घर में घुस गया। सभी ने मिलकर उसके परिजनों के साथ मारपीट की। यह देखकर पीड़ित वहां पहुंच गया। इस पर रामगोपाल आदि ने हत्या के इरादे से लोहे की सरिया से प्रहार कर दिया, घर के अंदर तोड़फोड़ कर नुकसान किया गया, जिससे पीड़ित मरणासन्न हालत में हो गया, तभी आरोपित जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पुलिस ने धारा 307 समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

### जमीन पर अवैध कब्जा करने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**जलेसर।** थाने में खगेन्द्रपाल सिंह क्षेत्रीय लेखपाल जलेसर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि जांचोपरांत जानकारी हुई कि क्षेत्र के गांव नूंहखास में गड्ढों की जमीन को घेरकर अवैध रूप से घेरकर दुकानों का निर्माण किया जा रहा था। लेखपाल की तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### महिलाओं को अधिकारों के प्रति किया जागरुक



**एटा।** मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस ने महिलाओं और बालिकाओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण के महत्वपूर्ण विषयों के बारे में बताया गया, जिससे समाज में जागरूकता बढ़े। पुलिस ने यहां के लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं और सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। इस अभियान के जरिए महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने, उन्हें समाज में आत्मनिर्भरता और समर्थ बनने के लिए प्रेरित किया गया।

### भारत विकास परिषद की महिलाओं ने बांटा शरबत



**जलेसर।** जलेसर में एकादशी पर रविवार को भारत विकास परिषद की महिला ब्रिगेड ने सत्संग भवन पर कार्यक्रम का आयोजन कर शरबत का वितरण किया। कार्यक्रम व्यापारी महिला मोर्चा की अध्यक्ष शशि राठी ने दीप प्रज्वलित कर आरंभ किया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से आम नागरिकों में जनसेवा की भावना जागृत होती है। ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर होते रहना चाहिए। इस दौरान दीपक राठी, हरिओम पिंडारा, पवन माहेश्वरी, सेवा सिंह छाबड़ा, मनीष पिंडारा, मीरा राठी, रीता पिंडारा, ममता माहेश्वरी, शोभना माहेश्वरी, शिखा छाबड़ा, हेमा भारद्वाज, डॉ प्रतिभा राजपूत, श्वेता पिंडारा आदि मौजूद रहे।

### कल शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर रहेगा प्रतिबंध

**एटा।** लोकसभा चुनाव की मतगणना चार जून को नवीन मंडी समिति में होगी। मतगणना के दौरान रूट डायवर्जन रहेगा, जिससे किसी को परेशानी न हो। अधिकारियों के मुताबिक कानपुर, अलीगंज और फर्रुखाबाद की ओर जाने वाले और उधर से लौटने वाले वाहन कासगंज रोड हाईवे होकर निकाले जाएंगे। शिकोहाबाद रोड से आने वाले वाहनों को रास्ते में रोक दिया जाएगा। अलीगंज रोड से शहर में आने वाले भारी वाहन को प्रवेश नहीं होने दिया जाएगा। पुलिस द्वारा अन्य रोड पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि मतगणना के दौरान कोई असुविधा न हो।

### तालाब में डूबने से किशोर की हालत बिगड़ी

**जैथरा।** क्षेत्र के ग्राम लहचोरा निवासी आलोक कुमार (15) पुत्र प्रेम सिंह रविवार को दिन में पूर्वाह्न करीब 11 बजे गांव के पास तालाब में नहाने के लिए गए थे। वहां साथियों के साथ नहाते हुए वह तालाब में डूब गया। साथियों ने बमुश्किल उसे बाहर निकाला। उसकी हालत खराब देख परिजनों को सूचित किया। मौके पर पहुंचे घरवाले उसे फौरन मेडिकल कॉलेज ले गए। वहां से उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### गृहक्लेश के चलते युवक ने जहर खाया

**जलेसर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अरबगढ़ निवासी हेमंत कुमार (19) पुत्र मनीष कुमार ने गृह क्लेश के चलते घर पर ही जहर का सेवन कर लिया। जिससे उसकी हालत खराब हो गई। यह देख परिजनों में खलबली मच गई। तत्पश्चात घर वालों ने उसको उपचार के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। जहां से डाक्टर ने उपचार देने के पश्चात हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# ट्रैक्टर व रोडवेज बस की भिड़ंत में एक चालक की मौत

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- बस की टक्कर लगने पर दो हिस्सों में बंट गया ट्रैक्टर

**अमृत विचारः** कलेक्ट्रेट के समीप ट्रैक्टर-ट्राली व रोडवेज बस की भिड़ंत हो गई। बस की टक्कर इतनी तेज लगी कि ट्रैक्टर दो हिस्सों में बंट गया। ट्रैक्टर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनमें एक की इलाज के दौरान मौत हो गई।

यह हादसा रविवार शाम लगभग छह बजे हुआ। सोरों-कासगंज मार्ग पर परिवहन विभाग कार्यालय के सामने एक ट्रैक्टर और रोडवेज की जबरदस्त भिड़ंत हुई। इसमें ट्रैक्टर चालक नाथूलाल निवासी गांव भवानीपुर उझानी और इसी गांव का खेमकरण घायल हो गए। बताया गया कि दोनों लोग चकोरी बेचकर कासगंज से अपने गांव भवानीपुर लौट रहे थे। तभी परिवहन विभाग कार्यालय के सामने सोरों के समीप यह हादसा हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजा। हालत नाजुक देखकर दोनों को रेफर कर दिया गया है। देर नाथूलाल की मौत हो गई।



हादसे के बाद मौके पर पड़ा क्षतिग्रस्त ट्रैक्टर।

> मैंने दोनों को सोरों के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। स्थिति में सुधार न होने पर उन्हें रेफर किया गया। **- भोजराज अवस्थी**, इंस्पेक्टर सोरोंजी

**वाहन की टक्कर से युवक की मौत : जैथरा, अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय विद्या निकेतन के सामने 27 मई को एक पिकअप संख्या यूपी 86 टी 8891 की टक्कर से पुत्र को मौत के घाट उतारने की रिपोर्ट किशनलाल पुत्र बालकराम निवासी टिकाथर थाना जैथरा दर्ज कराई है। आरोप है कि अज्ञात चालक ने वाहन को लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मारी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है, जांच की जा रही है।

## सड़क हादसों में चार लोग घायल



मेडिकल कॉलेज में घायलों का इलाज करते स्वास्थ्यकर्मी। ● अमृत विचार

**एटा, अमृत विचारः** जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में दाखिल कराया गया।

शनिवार देर रात बाइक पर दवा लेने जा रहे देवेन्द्र पुत्र राजवीर सिंह, खेमकरन पुत्र रामबाबू निवासी रामगढ़ थाना सकीट को गांव के पास ही तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों युवक घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजन दोनों युवकों को उठाकर मेडिकल कॉलेज ले गए। वहीं, शहर के बाजार से सामान लेकर घर लौट रहे गगन कुमार पुत्र भगवानदास और राहुल कुमार पुत्र हरीशंकर निवासी मोहल्ला बापूनगर थाना कोतवाली नगर को अलीगंज चुंगी सकीट रोड पर शनिवार रात ट्रक ने टक्कर मार दी। दोनों घायलों को मेडिकल कालेज में दाखिल कराया गया है।

# रास्ते के विवाद में जमकर लाठी-डंडे चले, 3 घायल



मेडिकल कॉलेज में घायलों का इलाज करते चिकित्सक। ● अमृत विचार

**एटा।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात ग्राम रामपुर घनश्याम में रास्ता के विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर लाठी डंडे चले। इस घटना में एक पक्ष की किशोरी व महिला समेत तीन लोग घायल हो गए। घायल चांदनी उर्फ साधना (17) पुत्री बंटू, पुष्पादेवी (48) पत्नी विनोद कुमार, विनोद (50) पुत्र रामस्वरूप को 108 एम्बुलेंस में मेडिकल कॉलेज ले जाया गया।

### दो भाइयों को गोली मारने के आरोपियों पर रिपोर्ट

**एटा, अमृत विचार :** जसरथपुर थाने में उदयवीर सिंह पुत्र लल्ला सिंह निवासी गणपतिपुर भडापुर थाना जसरथपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताया है कि गांव का निवासी विश्वप्रताप उर्फ वीपी पुत्र झम्मन सिंह शनिवार को अपने साथियों के साथ पीड़ित के पास आया और उसे जान से मारने की नीयत से बंदूक से गोली चलाई। इससे जय और रनदीप के सिर व सीने में गोली लगी, जिससे दोनों भाई घायल हो गए।

### घर में घुसकर युवक को पीटा, तहरीर दी

**एटा।** राजा का रामपुर थाने में अल्लाह बक्स पुत्र रहमान खां निवासी लुहारीगबी थाना राजा का रामपुर ने साजिद पुत्र सज्जाक समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट के अनुसार साजिद अपने साथियों के साथ मिलकर 25 मई को उसके पास आया और गालियां देने लगा। विरोध करने पर आरोपितों द्वारा मारपीट की गई। अन्य लोगों के आने पर आरोपित वहां से भाग गए।

### पुलिस ने तमंचा समेत एक आरोपी दबोचा

**एटा।** कोतवाली देहात के एसआई श्रवण कुमार ने बताया कि उन्हें मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि बरैरा जाने वाले रास्ता पर एक व्यक्ति अवैध तमंचा लिए जा रहा है। इस पर अमुक स्थान पर दबिश देकर जसवीर उर्फ नेना उर्फ विकास यादव पुत्र राजवीर सिंह को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित के कब्जे से एक तमंचा और दो जिंदा कारतूस 315 बोर के बरामद किए गए है।

### मारपीट के आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**एटा।** कोतवाली देहात में मानवेन्द्र निवासी नगला जट्टा कोवताली देहात ने गांव के राजकुमार पुत्र प्यारेलाल समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। उनका आरोप है कि 30 मई को राजकुमार अपने साथियों के साथ मिलकर उसके पास आया। वह बिना वजह गाल गलौज करने लगा। इसका विरोध करने पर आरोपित द्वारा मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# हिस्ट्रीशीटर की एक करोड़ की संपत्ति जब्त

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- सहावर तहसील प्रशासन ने की कार्रवाई
- डीएम के आदेश पर कार्रवाई कर सौंपी गई रिपोर्ट

**अमृत विचारः** जिले की सहावर पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर की एक करोड़ 170 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की है। पुलिस ने जब्तीकरण की कार्रवाई के बाद अपनी रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को दे दी है।

यह मामला सहावर थाना से जुड़ा है। एसपी अपर्णा रजत कौशिक की निर्देशन में अपराध और अपराधियों पर नियंत्रण के लिए की जा रही कार्रवाई की जा रही है। अपहरण, जानलेवा हमला, हत्या का प्रयास जबरन वसूली जैसे गंभीर अपराधों के आरोपी हिस्ट्रीशीटर एवं आजीवन कारावास के आरोपी गांव प्रतापपुर निवासी संजय की संपत्ति जब्त की गई है। पुलिस ने डीएम को रिपोर्ट दी कि आरोपी संगठित गिरोह संचालित कर अपने आर्थिक, भौतिक एवं बुनियादी लाभ प्राप्त करने के लिए अवैध तरीके से धन अर्जित कर रहा है। इसने चल अचल संपत्ति अर्जित कर ली है। डीएम ने मामले में संज्ञान लिया। पूरा पक्ष समझा और संपत्ति जब्त करने के आदेश जारी कर दिए। उसके उसके बाद सहावर एसडीएम कमल पवार, सीओ शाहिद नसरीन ने पुलिस टीम के साथ पहुंचकर संपत्ति जब्त की है। एक करोड़ 17 लख रुपए की संपत्ति को जब्त किया गया है और उसकी रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को दी गई है।



सहावर के गांव प्रतापपुर में अवैध संपत्ति जब्त करती पुलिस। ● अमृत विचार

आरोपी के विरुद्ध 17 मामले अलग-अलग धाराओं में दर्ज हैं। वह सजायायाफ्ता भी है।

> सहावर एसडीएम और सीओ के द्वारा जब्तीकरण की कार्रवाई की गई है। आरोपी सजायाफ्ता है और गंभीर धाराओं में कई मामले दर्ज हैं। जब्त की गई संपत्ति अब फिलहाल सरकार के खाते में हैं। **-अपर्णा रजत कौशिक**, एसपी

**इंस्पेक्टर ने सौंपी रिपोर्टः** मामले में सहावर के प्रभारी निरीक्षक लोकेश भाटी ने आरोपी संजय के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की थी। इसकी विवेचना अमांपुर के इंस्पेक्टर हरिभान सिंह राठौड़ को दी गई थी। अमापुर इंस्पेक्टर ने अपनी रिपोर्ट प्रशासन को सौंप दी। इसके बाद यह कार्रवाई हुई है।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
## क्लासीफाइड

### सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र नाजिर अहमद को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **कदीर अहमद पुत्र श्री खलील अहमद निवासी मो. दर्जी चौक कस्बा व थाना शीशगढ़ तहसील मीरगंज, जिला बरेली।**

### सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र नरेन्द्र को उसके गलत आचरण के चलते संबंध विच्छेद कर उन्हें अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उनके कृत्यों के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। **बाबूराम पुत्र डल्लू निवासी ग्राम हमीरपुर थाना सीबीगंज जिला बरेली।**

### सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै दिनांक 29.05.2024 को अपनी माता जी श्रीमती आशा पत्नी श्री उमेश कुमार वैश्य निवासी निकट मंडी समिति बदायूं मौहल्ला बाला जी नगर तहसील बदायूं थाना सिविल लाईन के नाम एक प्लाट के बैनामे प्रतिलिपि संख्या 1819/2024 बिक्रेता श्रीमती मनोरमा सक्सेना क्रेता श्रीमती आशा वही नंबर 01/जिल्द/खंड 12655 पृ. सं. 285/298 पर क्र. सं. 1070 दिनांक 9.02.24 को पंजीकृत किये गए बैनामे की फोटो कॉपी कराने गया था जो मंडी समिति के निकट कही गिर गया और बहुत ढूँढा परंतु प्राप्त नहीं हुआ। **ध्रुव देव गुप्ता मनु पुत्र श्री यू.के. वैश्य नि. निकट मंडी समिति मौ. बाला जी नगर तह. बदायूं थाना सिविल लाईन जिला बदायूँ। मो. 9457387101**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

अमृत विचार www.amritvichar.com

## एक नजर

### जुलाई में कक्षा एक व दो के बच्चों को मिलेंगी किताबें

**बरेली।** परिषदीय स्कूलों में कक्षा एक और दो के बच्चों को जुलाई के पहले सप्ताह में किताबें उपलब्ध करा दी जाएंगी। शासन ने किताबें क्रय करने के लिए विभाग को आदेश दिया है। शैक्षिक सत्र की शुरुआत में कक्षा तीन से आठवीं तक के बच्चों को किताबें मुहैया करा दी गई थीं। इस बार कक्षा एक और दो में एनसीईआरटी की किताबें लागू की गई हैं। अधिकारियों के मुताबिक परिषदीय स्कूलों में कक्षा एक और दो में करीब 70 हजार बच्चे पंजीकृत हैं। शिक्षकों के अनुसार डेढ़ माह पूर्व शैक्षिक सत्र की शुरुआत हो चुकी है। लेकिन किताबें नहीं मिलने के कारण बच्चों को पढ़ाने में दिक्कतें आ रही हैं। बच्चों को ग्रीष्मकालीन छुट्टियों का किताब के अनुसार गृहकार्य भी स्कूलों में नहीं दिया गया। बीएसए संजय सिंह ने बताया कि किताबों का क्रय आदेश तैयार कर भेज दिया गया है। इसी हफ्ते उम्मीद है कि जिले में किताबों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो जाएगा।

### ट्रेनों में एसी हो रहे खराब यात्री गर्मी में परेशान

**बरेली।** गर्मी में सफर के दौरान ट्रेनों के एसी खराब होने से यात्रियों की मुश्किलें बढ़ रही हैं। परेशान यात्री रेलवे अफसरों से शिकायत कर रहे हैं। रविवार को 14321 आला हजरत एक्सप्रेस मुरादाबाद से निकली तो एसी की कूलिंग कम हो गई। कई यात्रियों ने एक्स के मध्यम से रेल अफसरों से शिकायत की। अगली स्टेशन पर ट्रेन के रुकने पर मैकेनिकल स्टॉफ ने समस्या को दूर किया। वहीं लक्ष्मीनगर एक्सप्रेस में एक कोच का एसी बंद था। इस संबंध में भी रेलवे को सूचना दी गई। गर्मी के कारण कोच के वाटर टैंक जल्द खाली हो रहे हैं। इस वजह से भी यात्रियों को दिक्कत हो रही है।

# हरे चारे के नाम पर भूसा, टीन शेड के नीचे तप रहे गोवंश

## जिले की कई गौशालाओं का बुरा हाल, गोवंश को भीषण गर्मी से बचाव के नहीं है पर्याप्त इंतजाम

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** गोवंशों को सुरक्षित रखने के लिए गोशालाओं का निर्माण कराया गया, लेकिन बंदरबांट के चलते भीषण गर्मी में इनके लिए किए गए इंतजाम नाकाफी साबित हो रहे हैं। पशुओं के लिए टीनशेड डाले गए हैं, जो गर्मी में बहुत अधिक तपते हैं, जिसकी वजह से तापमान 45, 46 से अधिक पहुंच जाता है। ऐसे में गोवंश बेहाल है। खाने में हरे चारे के नाम पर सूखा भूसा या भुट्टा के छिलके दिए जा रहे हैं। किसी गोशाला में पौधरोपण नहीं कराया गया।

जिले में सात स्थाई और पांच सौ से अधिक अस्थाई गौशालाएं हैं। इनमें 12 हजार से अधिक गोवंश संरक्षित हैं। भीषण गर्मी में गोशालाओं में संरक्षित गोवंशों पशुओं के लिए पीने के पानी और छाया का इंतजाम सबसे बड़ी चुनौती बनी हुई है। इन दिनों तापमान 45 से 46 डिग्री सेल्सियस के आसपास चल रहा है। छाया, ठंडी हवा, पानी और हरे चारे की व्यवस्था न होने के कारण पशु बीमार पड़ रहे हैं। जिसका नजारा कुछ गोशालाओं की पड़ताल करने के बाद देखने को मिला। उनमें गोवंशों के लिए पर्याप्त इंतजाम नजर नहीं आए। यहां तक पीने के पानी को भी पर्याप्त इंतजाम दिखाई नहीं दिए। एक स्थान पर तो गोवंश गर्मी की वजह से बेहोशी की हालत में दिखा। यहां भी गोवंशों को धूप से बचाव के कोई इंतजाम नजर नहीं आए।


नगर पालिका परिसर में बनी गौशाला में धूप से बचने के लिए टिन शेड में खडे गोवंश

### गोवंशों को नहीं मिलता हरा चारा


**सहसवान।** तहसील क्षेत्र के गांव मुजरिया में गौशाला बनी हुई है। यहां सिर्फ बीस से 20 से 25 गोवंश हैं। गौशाला में छाया के पर्याप्त इंतजाम नहीं है। गोवंशों को लू से बचने के लिए पर्दे लगे हैं। गोशालाओं में हरे चारे की भी व्यवस्था नहीं है। छाया के पर्याप्त इंतजाम न होने के कारण गोवंशों को धूप में बैठना पड़ रहा है। मुजरिया गांव के प्रधान अनुज शर्मा ने बताया कि अधिक गोवंश नहीं है। हरे चारे की व्यवस्था की जाती है। पानी के लिए हौज बना हुआ है।

### टीनशेड में तप रहे गोवंश


ब्लॉक जगत के गांव मोहम्मद नगर सुलरा में संचालित गोशाला में 50 से 60 गोवंश संरक्षित है, परिसर में मौजूद गोवंशों को गर्मी से बचाने के लिए टीन शेड व पानी के लिए सबमर्सिबल पंप लगे है। लेकिन अधिक तापमान के कारण गोवंश टीन शेड में बेहाल से नजर आते है। ग्राम प्रधान कृष्णा पाल ने बताया कि दोपहर में गर्मी से गोवंशों को बचाने के लिए हाल में कोई इंतजाम नहीं किए गए हैं। टीन शेड पड़ी है। पानी के लिए हौज बना हुआ है। उसका पानी सुबह और शाम बदला जाता है। मानसून के दौरान पौधे लगाने की व्यवस्था की जाएगी।

### बिना पशु आहार चल रही गौशाला


**ओरछी।** आसफपुर ब्लॉक क्षेत्र के ओरछी में गौशाला में 70 से 80 गोवंश टीन सेट में तपते नजर आए। चारों तरफ से लू लगने से परेशान दिखे, आसपास कोई इंतजाम न होने से गोवंश बेहाल नजर आए। गौशाला में गोवंशों को सूखा भूसा खिलाया जा रहा है। इसमें हरे चारे की कोई व्यवस्था न होने पर उन्हें भुट्टे के छिलके खिलाए जा रहे हैं। प्रधान जीशान ने बताया कि गोवंश को हरा चारा खिलाया जाता है। भुट्टे के छिलके मीठे होने की वजह से पशु बड़े आराम से खाते हैं। पानी के लिए हौज बना है तीन उसका तीन बार पानी बदला जाता है। गर्मी से बचाव को इंतजाम नहीं हैं। जल्द ही कर दी जाएगी।

- चारेकी जगह सूखा भूसा या भुट्टा के छिलके खिला रहे जिम्मेदार, पानी की व्यवस्था भी नहीं

गर्मी में सभी गौशालाओं की व्यवस्थाओं को दुरुस्त ठीक रखने के आदेश जारी किए गए हैं। गर्मी से बचाव को इंतजाम रखने को भी कहा गया है। गोवंशों के चारे और पानी के संबंध लापरवाही की जा रही है। तो सख्त कार्रवाई कराई जाएगी।

– डॉ. मोहर सिंह, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी

### भीषण गर्मी में बीमार पड़े गंगोली गौशाला के गोवंश


आसफपुर ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत गंगोली स्थित गोशाला में कोई केयर टेकर मौजूद नहीं मिला। गोवंश सूखा भूसा खाते हुए नजर आए। पानी के लिए बनी नाद भी खाली नजर आई, ऐसे में पेयजल के गोवंश इधर–उधर भटक रहे थे। गौशाला में 30 से 35 गोवंश संरक्षित है। गोवंशों की स्थिति बेहद खराब है। भीषण गर्मी में गोवंश बीमार पड़े हैं। इनका इलाज तक नहीं हो रहा है। यहां के प्रधान बदन सिंह ने बताया कि गर्मी से बचाव को पंखा लगा रखे हैं। पानी की नाद को भी भरवाया जाता है। पौधे भी मानसून में लगाए जाएंगे।

# जन सूचना आयुक्त को पत्रकारों ने किया सम्मानित


राज्य सूचना आयुक्त स्वतंत्र प्रकाश गुप्ता को सम्मानित करते पत्रकार संगठन।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** सामूहिक पत्रकार गोष्ठी एवं पत्रकार सम्मान समारोह आयोजन समिति ने जोगीपुरा स्थित कार्यालय पर राज्य सूचना आयुक्त एवं पूर्व पत्रकार स्वतंत्र प्रकाश गुप्ता के आगमन पर संयुक्त पत्रकार संगठन ने उनका फूलमालायें पहनाकर, शाल ओढ़ाकर व प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। इस मौके पर उ.प्र. अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व सदस्य मनोज मसीह का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर राज्य सूचना आयुक्त स्वतंत्र प्रकाश गुप्ता ने कहा कि एक कर्तव्यनिष्ठ पत्रकार अपने सतत प्रयास से पत्रकारिता के माध्यम से किसी भी ऊंचाई पर पहुंच सकता है। इस मौके पर रामप्रकाश शास्त्री, समाज सेवी कवि अशोक खुराना, सचिन भारद्धाज, सुशील धींगड़ा, विष्णु देव चाणक्य, शरद शंखधार, वेदभानु आर्य, पवन शर्मा व प्रमोद गुप्ता रहे।

### गाजियाबाद की महिला पत्रकार पर हमले की निंदा


**बदायूं, अमृत विचार :** कुछ दिन पूर्व गाजियाबाद में महिला पत्रकार और कैमरामैन के साथ भूमाफिया ने मारपीट की थी। इस घटना की निंदा अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब ने की है। बैठक के बाद राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट अरुण कुमार को दिया। बैठक में क्लब के जिलाध्यक्ष कृष्ण हरि शर्मा ने कहा कि पत्रकार प्रिया राणा के साथ हुई घटना निंदनीय है। पत्रकारों पर आए दिन हमले हो रहे हैं। भूमाफिया समेत अन्य अपराधिक किस्म के लोग पत्रकारों को निशाना बना रहे हैं। इस ओर शासन और प्रशासन को ध्यान देना चाहिए। प्रिया पर हुए हमले के आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने अब तक कार्रवाई नहीं की है। इससे उनके हौसले बुलंद है। बैठक के बाद राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को दिया। ज्ञापन देने वालों में शरद शंखधार, संदीप कुमार गुप्ता, ब्रह्मदेव मिश्रा, अजय पाठक, प्रमोद कुमार शर्मा, सौरभ शंखधार आरके कश्यप, नितिन तिवारी आदि रहे।

## सार-संक्षेप

### धोपेश्वर नाथ मंदिर के सरोवर में डूबने से बच्चे की मौत

**कैंट, (बरेली) :** प्राचीन धोपेश्वरनाथ मंदिर के सरोवर में रविवार को एक मजदूर का 10 वर्षीय बेटा नहाते समय डूब गया। बेहोशी की हालत में उसे जिला अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कांधरपुर के मजरा बरकलीगंज के बाबूराम मौर्य 10 वर्षीय बेटे राज और आठ वर्षीय शिवम के साथ रविवार शाम करीब 4 :30 बजे मंदिर के सरोवर में स्नान करने पहुंचे थे। बाबूराम और शिवम तो स्नान कर बाहर निकल आए, लेकिन राज पानी में डूबने लगा। बाबूराम ने जब तक उसे बाहर निकाला, तब तक वह बेहोश हो चुका था। सीना और पेट दबाकर कुछ पानी बाहर निकाला, फिर बेहोशी की हालत में ही उसे जिला अस्पताल ले जाया गया लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### समर कैंप के समापन में बच्चों ने दी शानदार प्रस्तुति


**बिल्सी :** कस्बा बिल्सी स्थित फ्यूचर लीडर्स स्कूल का वार्षिक ग्रीष्मकालीन शिविर समाप्त हो गया। जिसमें बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक मिश्रा, विशिष्ट अतिथि एडवोकेट हेमेंद्र सिंह एवं डॉ राजीव कुमार सिंह रहे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों ने भाग लिया। अशोक मिश्रा ने विद्यार्थियों द्वारा समर कैंप के दौरान की गई गतिविधियों की प्रशंसा की। डायरेक्टर वीपी सिंह ने बताया कि इस समर कैंप का उद्देश्य बच्चों में छिपी हुई प्रतिभा को उजागर करना है। एमडी राहुल कुमार सिंह समेत समस्त स्टाफ रहा।

### आठ जून को होगी राजनीति विज्ञान की प्रयोगात्मक

**बदायूं :** राजकीय महाविद्यालय में बीए छठे सेमेस्टर राजनीति विज्ञान विषय की प्रयोगात्मक परीक्षा 8 जून शनिवार को होगी। विद्यार्थियों के लिए कॉलेज में प्रातः 10 :00 बजे से पहले पहुंचना होगा। राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ राकेश कुमार जायसवाल ने बताया कि बीए षष्ठम सेमेस्टर के छात्र छात्राओं की आंतरिक परीक्षा भी उसी दिन होगी। सभी परीक्षार्थी प्रैक्टिकल से संबंधित नोट्स की फाइल और प्रवेश पत्र के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें।

### एंबुलेंस के साथ मुस्तैद रहेंगी स्वास्थ्य टीमें

**बरेली :** चार जून को परसाखेड़ा स्थित मतगणना स्थल पर स्वास्थ्य टीम की दो टीमें दो एबुलेंस के साथ 24 घंटे मुस्तैद रहेंगी, अगर किसी मतगणना कर्मी की तबीयत बिगड़ी है तो उसे तुरंत उपचार मुहैया कराया जाएगा। हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया जाएगा। सीएमओ ने टीमों का गठन कर दिया है। कुछ दिन पहले दूसरे जिलों में चुनाव के दौरान कई मतदान कर्मियों की हीट स्ट्रोक के चलते हालत बिगड़ गई थी। इसको ध्यान में रखकर चिकित्सा व्यवस्था के इंतजाम किए गए हैं।

### 10 साल की बच्ची पर सियार ने किया हमला, भर्ती

**बरेली :** बिशारतगंज क्षेत्र के गांव डखोरा निवासी खेमकरन ने बताया कि शनिवार देर शाम उनकी भतीजी कामिनी गांव के अन्य बच्चों के साथ खेत की तरफ जा रही थी। रास्ते में सियार ने बच्ची पर हमला कर दिया। अन्य बच्चों ने भागकर कामिनी के परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिवार के लोग पहुंचे तो कामिनी खून से लथपथ बेहोश पड़ी थी। उसे सीएचसी में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर देर रात डाक्टरों ने कामिनी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। यहां उसका इलाज चल रहा है।

# भीषण गर्मी में जल व जंगल से हो रही प्राणियों की रक्षा


राहगीरों को जल पिला रहे स्काउट गाइड ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** भारत स्काउट गाइड संस्था के तत्वावधान में गांधी नेत्र चिकित्सालय के मुख्य द्वार पर चल रहे निश्शुल्क जल सेवा शिविर के 12वें दिन स्काउट गाइड ने भीषण गर्मी में प्यास से व्याकुल राहगीरों को शीतल जल पिलाया। स्काउट संस्था के प्रादेशिक वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश चंद्र सक्सेना एडवोकेट ने कहा कि निःस्वार्थ सेवा से अलौकिक आनंद और परम सुख की अनुभूति होती है। स्काउट संस्था के डा.वीरपाल सिंह सोलंकी ने शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी और तेज धूप से जल और जंगल से ही मनुष्य और प्राणियों की जीवन रक्षा हो रही है। जिला संगठन कमिश्नर मोहम्मद असरार, पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा के नेतृत्व में निःशुल्क जल सेवा शिविर का संचालन किया जा रहा है। इस मौके पर गाइड रेनू, शीतल, प्रेम कश्यप, देवांश मिश्रा, हिमांशु कश्यप आदि मौजूद रहे।

# आठ दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ


क्रिकेट खेल मैदान पर खड़ी टीमें ● अमृत विचार

संवाददाता, विजय नगला

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव कंडेला में आठ दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारम्भ रविवार को हो गया। मैच का उद्घाटन सपा विधायक हिमांशु यादव किया। आयोजकों ने बताया कि टूर्नामेंट में मचलई, गुलडिया, बादल, उतरना, बीबीपुर, किसरूआ, मल्लापुर, कुंदन नगला, छछऊ, पापड़, गुरुगांव, मूसाझाग, मुड़सेना की 20 टीमें प्रतिभाग करेंगी। प्रतिदिन दो दो मैचों का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर शालू चौहान, विवेक शर्मा, हरिभान सिहं, टिक्कू, वेदपाल चौहान, दिनेश, आदि खिलाड़ी मौजूद रहे।

**सिरतौल रॉयल इंडियन टीम ने 99 रनों से जीता मैच : बिल्सी:** तहसील क्षेत्र के गांव सिरतौल में चल रहे सिरतौल प्रीमियर लीग जूनियर क्रिकेट टूर्नामेंट में रविवार को सिरतौल रॉयल इंडियन टीम और नाइट राइडर्स टीम के बीच मैच खेला गया। जिसमें टॉस नाइट राइडर्स के कप्तान शनि उपाध्याय ने जीता। पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया। सिरतौल रॉयल इंडियन टीम ने पहले खेलते हुए अपने निर्धारित 10 ओवर में तीन विकेट खोकर 136 रन बनाए। 137 रनों का लक्ष्य लेकर मैदान पर उतरी सिरतौल नाइट राइडर्स की पूरी टीम 37 रनों के स्कोर पर सिमट गई। सिरतौल रॉयल इंडियन टीम को 99 रनों से विजयी घोषित किया गया। बेहतरीन प्रदर्शन जड्डू को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर आयोजक मंडल के पवन उपाध्याय, बिजेंद्र सिंह, कपिल गुप्ता, सर्वेश उपाध्याय, दिपेंद्र गुप्ता, नीरपाल, गिरिराज शाक्य, इंद्रपाल शाक्य रहे।

### फिरोजपुर गुमराह ने 80 रनों से जीता मैच


**करियामई, अमृत विचार :** विकास खंड इस्लामनगर के ग्राम पंचायत करियामई में चल रहे केपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार को क्वार्टर फाइनल मैच का दूसरा मुकाबला इस्लामनगर बनाम फिरोजपुर गुमराह टीम के बीच हुआ। जिसमें फिरोजपुर गुमराह ने 80 रनों से मैच को जीत लिया। फिरोजपुर गुमराह ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 16 ओवरों में चार विकेट खोकर 180 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी इस्लामनगर की टीम 15 ओवर में 100 रन ही बना सकी। फिरोजपुर गुमराह की ओर से बेहतर गेदबाजी करते हुए अभिषेक चौधरी ने चार ओवर में छह विकेट लिए। उन्हें मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष डॉ. उमेश चंद्र उपाध्याय, नमन मिश्रा, अक्षय उपाध्याय, अमित पाराशरी, मनवीर, सौरभ, तरुण पाराशरी, बंटी मीणा, मुन्ना यादव, प्रदीप यादव, वीरेश मीना, यशपाल शाक्य, विनोद ऑपरेटर, अनिल शाक्य रहे।

### गंदगी में लगे प्रसाद के ठेले, श्रद्धालुओं को हुई परेशानी

**उसहैत , अमृत विचार :** एकादशी पर्व पर रविवार को श्री कालसेन बाबा मंदिर पर मेला आयोजित किया गया। मंदिर के मुख्य गेट पर गंदगी के ढेर लगे रहे, उसी गंदगी में ठेले खोमचे वालों ने खड़े होकर प्रसाद बेचा मंदिर के बाहर रोड पर वाहनों का रेला चलता रहा जिससे जाम जैसी स्थिति बनी रही। रविवार को एकादशी पर्व पर श्री कालसेन बाबा मंदिर पर मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में दूर दराज के लोग आते हैं। मंदिर के बाहर मुख्य गेट पर गंदगी के ढेर लगे दिखाई दिए। इसी गंदगी में ठेले वाले खड़े रहे और प्रसाद मिठाई फल आदि बेचते रहे। गंदगी से श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ा।

# तेज धूप और गर्मी से करना है बचाव तो सिर से बांधे कपड़ा, पीते रहें नींबू

- स्वास्थ्य विभाग ने हीट बेव से बचने को बताए उपाय
- जरूरी होने पर ही निकलें घरों से, कुछ दिन के बाद मिलेगी राहत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** गर्मियों में अकसर लोग लापरवाही के चलते बीमारी के शिकार हो जाते हैं। इसलिए पहले तो गर्मी और धूप से बचाव करें जिससे बीमारियों से बचा जा सकता है। तेज धूप में यदि निकलना जरूरी हो तो सिर पर कपड़ा बांध कर निकलें और नींबू पानी पीते रहें।


एसीएमओ डा. मोहम्मद तहसीन।

एसीएमओ डा. मोहम्मद तहसीन ने कहा कि इस साल तेज भीषण गर्मी लोगों को बेहाल कर रही है। यदि जरूरी हो तभी बाहर निकलें। बाहर निकलने से पहले सिर से कपड़ा बांध लें। धूप में तेज होने पर नींबू पानी पीते रहें। जिससे शरीर में पानी की कमी न रहे। संभव हो तो पानी में ओआरएस मिला कर पिएं। मई से लेकर जुलाई तक गर्मी का प्रकोप अधिक रहता है। इसी अवधि में लोग बीमारियों की चपेट में आते हैं। दिन में एक बार ओआरएस जरूर लें। दिन में कम से कम तीन लीटर पानी पिएं। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि बदन को झुलसा देने वाली गर्मी से कुछ दिन बाद राहत मिलेगी।

अभी करीब पांच से सात दिन तक तापमान 45 और 46 डिग्री सेल्सियस रहने की उम्मीद है। यदि तापमान इतना रहता है तो निश्चित ही परेशानी की बात है इसलिए सुझाव दिया जाता है कि एक सप्ताह तक बाहर कम ही निकलें, एक सप्ताह बाद तापमान में गिरावट आने की संभावना है।

# जो लोग कानून का करते हैं पालन वह सच्चे राष्ट्रभक्त


साप्ताहिक सत्संग में भाग लेते लोग ● अमृत विचार

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार :** यज्ञ तीर्थ गुधनी में स्थित आर्य समाज मंदिर में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया । अंतर्राष्ट्रीय वैदिक विद्वान आचार्य संजीव रूप के पुत्र पं. प्रश्रय आर्य व पुत्री कुमारी तृप्ति शास्त्री ने यज्ञ कराया तथा भजन गाए । आर्य समाज के मंत्री मास्टर अगरपाल सिंह ने कहा कि जो लोग कानून का पालन करते हैं वह सच्चे राष्ट्रभक्त होते हैं । राष्ट्र प्रथम होता है । प्रश्रय आर्य ने भजन गाते हुए कहा मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। समाज के नियम कायदे होते ही हैं, हमें सदा सही काम करना चाहिए ।

इस अवसर पर साहब सिंह, मनोज कुमार, राकेश आर्य, पंजाब सिंह, विनीत कुमार सिंह, कुमारी तानिया, मास्टर साहब सिंह, मोना आर्य तथा आर्य संस्कारशाला के बच्चे रहे।

# बैडमिंटन में नोएडा के खिलाड़ियों का रहा दबदबा

- यूपी स्टेट अंडर 13 बैडमिंटन टूर्नामेंट में वन्या व शुभ ने जीता मैच
- डबल्स में अतीक और अंकुर की जोड़ी रही अव्वल



विजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र और शील्ड भेंट करते स्कूल प्रबंधक ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** शहर के बीआरबी मॉडल स्कूल में प्रथम यूपी स्टेट अंडर 13 बैडमिंटन टूर्नामेंट के अंतिम दिन सिगल्स और डबल्स के फाइनल मैच खेले गए। जिसमें नोएडा के खिलाड़ियों का दबदबा रहा। सिंगल्स में नोएडा की वन्या ने फाइनल मैच जीता। वहीं डबल्स में अतीक और अंकुर की जोड़ी अव्वल रही। इस जोड़ी ने फाइनल मैच में जीत दर्ज की। विजेता खिलाड़ियों को इनाम की धनराशि एक लाख रुपए भेंट किए। साथ ही मैडल भी पहनाया।

टूर्नामेंट के अंतिम दिन फाइनल मुकाबले खेले गए। गर्ल्स फाइनल मुकाबला नोएडा की वन्या चौधरी और मेरठ की गर्विता त्रिपाठी के बीच खेला गया। वन्या चौधरी ने 21-13,13-21, 22-20 से गर्विता को हराकर जीत दर्ज की। वहीं ब्वाइज का फाइनल मुकाबला शुभ श्रीवास्तव गोरखपुर और अंकुर प्रताप सिंह आगरा के बीच खेला गया। जिसमें 23-21, 13-21,22-20 से यह मैच शुभ श्रीवास्तव ने जीता। सिंगल्स के बाद डबल्स मुकाबले खेले गए। मिक्स डबल्स में वन्या चौधरी नोएडा व गर्विता त्रिपाठी मेरठ की जोड़ी का मुकाबला मानवी मेरठ व सांविका गुप्ता कानपुर के बीच में हुआ। जिसमें 17-21, 21-15, 22-20 से यह मैच वन्या व गर्विता की जोड़ी ने जीता। ब्वाइज मिक्स फाइनल में अलीगढ़ के अतीक अहमद और अंकुर प्रताप सिंह आगरा और कुशाग्र द्विवेदी व शिवेश गुप्ता प्रयागराज की जोड़ी के बीच खेला गया। इसमें 21-17 व 21-18 से यह मैच अतीक व अंकुर ने जीता। फाइनल मैच में जीत दर्ज करने वाले खिलाड़ियों में इनाम की धनराशि के रुप में एक लाख रुपये बीआरबी मॉडल स्कूल के प्रबंधक सुभाष बत्रा द्वारा भेंट की गई।

# अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी सम्मानित


अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी अभिनव श्याम गुप्ता का सम्मान करते लोग।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** स्टेडियम परिसर में अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी अभिनव श्याम गुप्ता का सम्मान जिला क्रीड़ा अधिकारी द्वारा किया गया। अभिनव श्याम गुप्ता ओलंपियन, अर्जुन अवार्ड, लक्ष्मण अवार्ड, फ्रेंच ओपन विजेता रहे हैं। एवं कॉमनवेल्थ प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर चुके हैं। इस अवसर पर ओमकार सिंह, वरिष्ठ बैडमिंटन खिलाड़ी, उप क्रीड़ा अधिकारी नाजिया बेगम, अंशकालिक प्रशिक्षक आशु भारती, सीवर अली, मोहम्मद नकी अहमद सैफी सीनियर बैडमिंटन खिलाड़ी, वीरेश तोमर, गौरव राठौर, एवं समस्त स्टेडियम कर्मचारी व खिलाड़ी उपस्थित रहे।


**कंपोजिट विद्यालय खड़ारामनगर, न्याय पंचायत कचनारी, वि.खं. दमखोदा, जिला बरेली**

पत्रांक : 335 दिनांक : 02.06.2024

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कंपोजिट विद्यालय खड़ारामनगर, वि. क्षे. दमखोदा, जिला बरेली के प्रांगण में खड़े पुराने विभिन्न प्रजाति के 33 वृक्षों की नीलामी दिनांक 05.06.2024, दिन बुद्धवार को समय प्रातः 10 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक कंपोजिट विद्यालय खड़ारामनगर के प्रांगण में की जानी है। क्रय करने हेतु इच्छुक बोलीदाता/व्यक्ति समय पर उपस्थित होने का कष्ट करें।

सचिव अध्यक्ष प्रधानाध्यापक
कंपोजिट विद्यालय खड़ारामनगर
वि.क्षे. दमखोदा (बरेली)

